53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15.2°c
अधिकतम 24.4 °c

**अमृतवाणी**

दूसरों की मदद करने से जिस सुख की अनुभूति होती है, उसे शब्दों में ना तो लिखा जा सकता है और ना ही बयान किया जा सकता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:43, सूर्यास्त - 6:19 वर्ष : 53/ अंक : 61 सोमवार, 03 मार्च 2025 फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया है : अखिलेश यादव



बात में बात कुछ नहीं होती......बात करते हैं बात करने को....

# अवैध ई-रिक्शाएं अपने घर में ही रखने में भलाई, प्रशासन ने सीज के बाद खुर्द-बुर्द करने की योजना बनाई

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** अवैध ई-रिक्शाओं पर अब तक ढुलमुल रवैये के बाद पिछले कुछ दिनों से प्रशासन का कड़ा रूख सामने आता दिख रहा है। प्रशासन ने ट्रैफिक एडवाइजरी लिखित में जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र दोनों के लिए चैकिंग के दौरान पकड़ी गयी ई-रिक्शाएं जिनके पास लाइसेंस, फिटनेस, आरसी, इंश्योरेंस, हाईसिक्योरिटी नम्बर प्लेट व ई-रिक्शा के कागज पूर्ण नहीं होंगे तो वें सड़कों पर नहीं चलाई जायेगी। यदि निर्देशों के बाद भी उक्त ई-रिक्शाएं चैकिंग के दौरान पकड़ी गयी तो इन पर चालान सीज करने के साथ-साथ अब इन्हें सीज के बाद खुर्द-बुर्द यानि खत्म कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अवैध ई-रिक्शाएं सड़कों पर चलाने वालों की होगी। फिर वह रिक्शा किराये की हो या अपनी निजी खरीदी हुई। ऐसे में रिक्शा चालकों की भलाई इसी में है कि या तो वें अपनी ई-रिक्शाएं अपने घरों में ही रख लें नहीं तो इनके कागज पूरे कराने के बाद ही इन्हें सड़कों पर चलायें। प्रशासन के निर्देशों के अनुसार अब धींगामुश्ती का दौर कम से कम मुजफ्फरनगर से खत्म होने वाला है। कुकुरमुत्ते की तरह सड़कों व प्रत्येक गली में दौड़ रही ई-रिक्शाएं आमजन के लिए नासूर बन चुकी हैं। पैदल चलते इंसानों से ज्यादा ये ई-रिक्शाएं सड़कों पर दिखाई पड़ती हैं, ऐसे में महिलाओं, बुजुर्ग-बच्चों यहां तक की दुपहिया वाहन चालकों को भी उक्त ई-रिक्शाएं आसानी से चलने नहीं देती। कभी बुजुर्गों, कभी बच्चों के साथ हो रही दुर्घटनाओं के नजारे आये दिन सामने साफतौर पर आते दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में बुजुर्गों ने तो डर के मारे सड़कों पर निकलना ही कम कर दिया है। बुजुर्गों का मानना है कि कहीं किसी दिन उन्हें टक्कर लग गयी तो लेने के देने पड़ जायेंगे और लाखों रूपये अपने कूल्हे या घुटने को बदलवाने में खर्च करने पड़ेंगे। कुल मिलाकर बच्चों महिलाओं, बुजुर्गों से लेकर आम आदमी तक इन अवैध ई-रिक्शाओं के जंजाल से पूरी तरह तंग आ चुका है और लगातार मिल रही शिकायतों के पश्चात प्रशासन अब सख्त मूड़ में दिख रहा है।

## सवारी ढोने वाली ई-रिक्शाओं में नहीं ढोया जा सकेगा सामान

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** ई-रिक्शा के नाम पर सवारी ढोने से ज्यादा माल ढोने का काम लगातार चलता दिखाई पड़ता है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक यातायात के दिये गये निर्देशों में यह भी साफ किया गया कि एमवीएक्ट की धारा के अनुसार सवारी ढोने वाली ई-रिक्शा में किसी प्रकार का सामान ढोने की कोई इजाजत नहीं है। अतः इन ई-रिक्शाओं में यदि माल ढोया गया तो उन पर भी सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। चंद पैसों की लालच में दुकानदार ई-रिक्शाओं पर माल लदवाने का कार्य न करें, क्योंकि उन ई-रिक्शाओं के साथ पकड़े गये सामान की भी पूछताछ की जायेगी। दुकानदार उक्त सामान पैरों से चलित रेहड़ों व वैध रूप से सामान ढोने वाले वाहनों पर ही अपने माल का लदान करायें या कर सकते हैं।



## जिस दिन अवैध ई-रिक्शाएं हो जायेंगी खत्म सड़कों पर सुकुन से चल सकेंगे आप और हम

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** जिस दिन अवैध ई-रिक्शाओं का कार्य पूरी तरह से होता दिखेगा और अवैध ई-रिक्शाएं शहर से खत्म हो जायेंगी, तो यह शहर राहत की सांस लेगा और सड़कों पर बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और आम आदमी को चलने में सुकुन मिलेगा। आपको बता दें कि लम्बे समय से आम जनता लगातार यह मांग कर रही थी कि सड़कों पर अवैध ई-रिक्शाओं का जंजाल पैदल चलने वाले तक को तंग कर रहा है। अधिकारी और नेता तो आसानी के साथ अपने पुलिसकर्मियों का रौब गालिब करते हुए सड़कों से निकल जाते हैं, मगर पैदल चलने वालों की ओर इनका जरा भी ध्यान नहीं है। अनाड़ी ई-रिक्शा वाले 14-14 साल की उम्र वाले बच्चे और 80 साल तक के बुजुर्ग सवारियों की जान जोखिम में डालकर कई बार दुर्घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। साथ ही साथ पैदल चलते व्यक्ति को कब कहां और कैसे ये टक्कर मार दे, यह कह पाना भी मुश्किल है। ऐसे में जिस दिन यातायात पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी की गयी इस ट्रैफिक एडवाईजरी को पूरी तरह लागू कर दिया जायेगा, उस दिन आम जनता वास्तव में अधिकारियों का धन्यवाद दिल से करेगी।

## मोटरसाइकिल काटकर ठेला जुगाड़ चलाने वाले वाहन भी होंगे खुर्द-बुर्द

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** सिर्फ ई-रिक्शाएं ही नहीं ठेले में बिना कागजों के मोटरसाइकिल काटकर जुगाड़ बनाकर उन्हें चलाने वाले चालकों को भी यातायात पुलिस अधीक्षक के निर्देशों में साफ कह दिया गया है कि ये जुगाड़ भी नहीं चलने वाले। चैकिंग के दौरान यदि ये जुगाड़ वाहन पकड़े गये तो इन्हें भी तत्काल जब्त कर खुर्द-बुर्द की कार्यवाही की जायेगी। ऐसे में ऐसे वाहन चलाने वाले पहले से ही इन वाहनों को भी या तो अपने घर ही रख लें, सड़कों पर पकड़े जाने के बाद किसी की सिफारिश के बाद भी यह वाहन नहीं छोड़े जायेंगे।







# शादी की सालगिरह के दिन दुल्हन की मौत

### - परिजनों ने की अस्पताल में तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** जानसठ रोड स्थित गर्ग हॉस्पिटल में दिन निकलते ही उस समय एक मरीज के परिजनों ने हंगामा व तोड़फोड़ शुरू कर दी, जब डिलीवरी के कुछ दिन बाद विवाहिता की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी के रहने वाले सुमित का विवाह दो मार्च 2024 को खतौली थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी की रहने वाली पूनम के साथ हुआ था। 28 फरवरी 2025 को पूनम को प्रसव पीड़ा होने के बाद जानसठ रोड स्थित गर्ग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक बेटी को जन्म दिया। मगर रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में पूनम की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया और बताया कि महिला बार-बार पेट में दर्द होने की बात कह रही थी, मगर डॉक्टरों ने कहा कि उसे कोई दर्द नहीं है और डॉक्टरों ने उसे देखने तक से मना कर दिया। आरोप है कि परिजनों द्वारा जब कर्मचारियों से महिला को देख लेने की बात कही गयी, तो स्टॉफ ने उनके साथ मारपीट भी की, जिसके बाद मारपीट के दौरान अस्पताल के शीशे टूट गये और स्टॉफ ने अपने आप को अस्पताल में बंद कर लिया। परिजनों ने इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन के अपने सहयोगियों को दी तो वें मौके पर पहुंचे और वहां हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोपहर बाद समाा-बुााकर परिजनों से तहरीर ले ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।







मीडिया को जानकारी देता मृतका का पति

## शादी की सालगिरह की खुशियां मातम में बदली

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** चूंकि 2 मार्च को ही पूनम व सुमित की शादी की सालगिरह थी, ऐसे में घर में डबल खुशियां मनाने की तैयारी चल रही थी। एक ओर शादी की सालगिरह की खुशी तो दूसरी तरफ घर में बेटी का जन्म होने की खुशी थी।

ऐसे में जब रविवार 02 मार्च को ही पूनम की मौत हो गयी तो ससुराल व मायके दोनों परिवारों में मातम छा गया। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल था और किसी से भी यह दुख बर्दाश्त नहीं हो रहा था कि डबल खुशियों की जगह उन्हें इतना बड़ा दुख भुगतना पड़ेगा।

## हरियाणा निकाय चुनाव में 46% मतदान, 12 मार्च को आएंगे नतीजे

**चंडीगढ़, 02 मार्च (एजेंसी)।** हरियाणा में रविवार 2 मार्च को 9 नगर निगम समेत 40 निकायों के लिए मतदान संपन्न हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम 6 बजे तक कुल 46% वोटिंग दर्ज की गई, हालांकि इसमें कुछ बदलाव संभव है। मतदान के दौरान कई जिलों में ईवीएम खराबी, फर्जी वोटिंग और चुनावी झड़पों की घटनाएं सामने आईं। रविवार सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरू हुई थी, जो कि शाम को 6 बजे तक जारी रही। सभी मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए हैं। अब 12 मार्च वोटों की काउंटिंग की जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम को 6 बजे तक प्रदेश में कुल 46 प्रतिशत वोटिंग हुई है। हिसार में मतदान के दौरान फर्जी वोटरों की मौजूदगी की शिकायतें मिलीं। कुछ संदिग्ध लोग पोलिंग बूथ की दीवार फांदकर भाग निकले, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। झज्जर के बेरी में तीन फर्जी वोटर पकड़े गए।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**भोपा, 02 मार्च (बु.)।** जौली -बेहड़ा मार्ग पर दो बाइकों की तेज भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गये। घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहां एक घायल को मृत घोषित कर दिया गया, दो अन्य घायलों का उपचार किया गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात जौली मार्ग पर निवादा पुलिया के पास रविवार की शाम दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी, जिसमें एक बाइक पर सवार सोनू पुत्र मेनपाल 19 वर्ष व उसके साथी राजा पुत्र बिट्टू 18 वर्ष निवासीगण गांव मंदौड़ थाना सिखेड़ा व ऋतिक पुत्र पवन 18 वर्ष निवासी अलमासपुर थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा भोपा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची ककरौली पुलिस ने घटना की जानकारी कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर फरार बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर मे सोनू के बुआ के बेटे की शादी थी, जिसकी बारात शुक्रताल गयी थी। तीनों युवक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।



## दुर्घटना में घायल चौथे युवक ने भी तोड़ा दम

**रामराज, 02 मार्च (बु.)।** रामराज थानाक्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी चार युवकों को मेरठ से मजदूरी कर बाईक से वापस अपने घर लौटते समय मवाना थानाक्षेत्र के गांव कोहला के निकट हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। रविवार की सुबह चौथे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। रामराज थानाक्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासीगण नदीम पुत्र तस्लीम, शेर पुत्र नसरा, सलमान पुत्र अमीरु तथा समीर पुत्र शाहिद 24 फरवरी की देर शाम को मेरठ से मजदूरी कर दो बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। यहा मवाना थानाक्षेत्र के गांव कोहला के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे नदीम, शेरू तथा सलमान की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि समीर पुत्र शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका उसी दिन से मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां रविवार की सुबह समीर की उपचार के दौरान मौत हो गई। समीर की भी मौत होने की सूचना जैसे ही गांव में पहुंची, तो गांव में शोक व्याप्त हो गया। चार नौजवान युवकों की मौत हो जाने से गांव में मातम छाया हुआ है, वहीं चारों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रविवार की देर शाम को पोस्टमार्टम के बाद समीर के परिजनों ने गमगीन माहौल में समीर के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।





## भैंसी के पास हाईवे पर हादसे में एक व्यक्ति की मौत, नहीं हो सकी पहचान

**खतौली, 02 मार्च (बु.)।** हाईवे स्थित एक होटल के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र स्थित पूजा होटल के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही गांव भैंसी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नन्द किशोर शर्मा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा एम्बुलेंस द्वारा घायल को तत्काल खतौली सीएचसी भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के पश्चात मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई थी, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरने के उपरांत शव को मोर्चरी पर रखवा दिया था और उसके फोटो शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ ही दूसरे थानों को भी भिजवा दिये गये थे।









## ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉला हुआ बेकाबू, पेड़ तोड़कर सात गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त

**बुढ़ाना, 02 मार्च (बु.)।** गन्ने से भरा तेज रफ्तार एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉला हच के घूमने से बेकाबू हो गया। ट्रैक्टर गन्ने से भरे ट्रॉले सहित सड़क पर खड़े एक पेड़ को तोड़ता हुआ एक कार मिस्त्री की दुकान में घुस गया, तब दुकान के बाहर खड़े आधा दर्जन से भी अधिक वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की कीमत का नुकसान बताया जा रहा है। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्रॉले को छोड़कर मौके से भाग जाने में सफल रहा। गुस्साएं दुकानदारों ने आरोपी चालक को भागकर पकड़ना चाहा, लेकिन वो हाथ नहीं लग सका। इस दौरान लंबा जाम लग गया। किसी की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाकर गुस्साए दुकानदारों को शांत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसमें तीन दुकानदारों के भी चोटिल होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर बाद गन्ने से भरा ओवरलोडिंग तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर-ट्रॉला बड़ौत रोड की और से आ रहा था, जो कि गन्ना लेकर शुगर मिल में जा रहा था, जब ट्रैक्टर-ट्रॉला बुढ़ाना कस्बे के दयानंद चौराहे के समीप आया, तो अचानक से तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉला का बीच का हच अचानक से पूरी तरह से घूम गया, तो ट्रैक्टर-ट्रॉला एकदम से बेकाबू हो गया। इससे



शेष पृष्ठ- 4 पर.....

## होटल से चोरी हुए 5 लाख के जेवरात बरामद





**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** शनिवार को आगरा के रहने वाले तपन जैन ने होटल रेडीयंस गोल्ड में कमरा बुक कराया था। रात में उसे कमरे में वह रूके और भूल से उनका एक बैग होटल के बाहर रह गया। अज्ञात चोर बैग उठाकर फरार हो गया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने तपन जैन से तहरीर ली और मामले की जांच शुरू दी, जहां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर पकड़ा गया और चोर को पुलिस के अनुसार एसडी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। चोर का नाम अजय कुमार निवासी रैन बसेरा बताया गया। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर एक हीरे की अंगूठी, सोने का ब्रेसलेट, एक चेन और दो घड़ी बरामद कर ली गयी। पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता से आगरा से आये तपन जैन को बड़ी राहत मिली और तपन जैन ने पुलिस की कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

## यार्ड में लगी आग, खड़े वाहन जलकर हुए राख, एक सिपाही झुलसा, नहीं पहुंची दमकल

**अलीगढ़, 02 मार्च (एजेंसी)।** पुलिस चौकी स्थित यार्ड में दो पहिया वाहन खड़े थे। अचानक यार्ड में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक वाहन जलकर राख हो गए। आग बुझाने में लगा एक सिपाही भी झुलस गया। अकराबाद के पनैठी स्थित पुलिस चौकी यार्ड में 2 मार्च की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। यार्ड में खड़े वाहन आग में जलकर राख हो गए। सूचना के बाद भी समय से दमकल नहीं पहुंच पाई तो पुलिस कर्मी पाइप लगाकर आग बुझााने का प्रयास करने लगे। आग बुझाने के प्रयास में सिपाही राहुल झुलस गया है। यार्ड से आग की लपटें व धुआं का गुबार उठ रहा है। बताया जा रहा है कि सूचना के एक घंटे बाद तक दमकल नहीं पहुंची। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। सीओ बरला गर्वित सिंह ने बताया कि थाना अकराबाद की पनैठी चौकी स्थित यार्ड में आग लगने से कुछ वाहन जल गए। आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। आग पर काबू भी पा लिया गया है।



# जनपद की 10 निकायों को मिले 15.37 करोड़ रुपए

### - 58वें राज्य वित्त आयोग से पालिका को मिले 10.61 करोड़ - कान्हा पशु योजना में 2 निकायों को मिले 21.84 लाख

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** उत्तर प्रदेश शासन ने जिले की दस निकायों को पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के तहत 15.37 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। जनपद में मुजफ्फरनगर नगरपालिका को 10.61 करोड़ रुपए और खतौली को 1.47 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं कान्हा पशु आश्रय योजना में जिले के दो नगरीय निकायों को 21.84 लाख रुपए की राशि बेसहारा पशुओं के चारा-भूसा व्यवस्था को अवमुक्त किए हैं। नगरीय निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से नगरीय निकायों को आय व्यय के आधार पर पंचम राज्य वित्त आयोग से सामान्य समनुदेशन में फरवरी माह का भुगतान जारी कर दिया गया। इसमें जनपद की 10 नगरीय निकायों में दो पालिका एवं 8 नगर पंचायतों को 15 करोड़ 37 लाख 82 हजार 985 रुपये की राशि जारी हुई है, जिसमें नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर को 10 करोड़ 61 लाख 82 हजार 446 रुपये, खतौली पालिका को 01 करोड़ 47 लाख 74 हजार 14 रुपये की धनराशि मिली है।

वहीं नगर पंचायत बुढ़ाना को 69,11,634, मीरापुर नगर पंचायत को 51,29,266, नगर पंचायत पुरकाजी को 45,99,991, चरथावल नगर पंचायत को 37,29,493, शाहपुर नगर पंचायत में 34 लाख 17 हजार 998 रुपए, जानसठ नगर पंचायत को 33 लाख 63 हजार 214 रुपए, नगर पंचायत भोकरहेडी को 30 लाख 23 हजार 548 रुपए व नगर पंचायत सिसौली को 26 लाख 51 हजार 381 रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर जिले में कान्हा गौशाला व बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत निकायों द्वारा पूर्व में प्राप्त धनराशि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बाद शासन स्वीकृति पर 34 निकायों को गौशालाओं के लिए 8.58 करोड़ रुपये की राशि नगरीय निकाय निदेशालय ने जारी कर दी। इसमें जिले की दो नगर पंचायतों को भी 21.84 लाख रुपये जारी किए हैं। इनमें नगर पंचायत सिसौली को 11.83 लाख एवं नगर पंचायत चरथावल को 10.01 लाख रुपये मिले हैं। यह पैसा गौशालाओं में देखरेख के लिए रखे गौवंशीय बेसहारा पशुओं के चारा-भूसा व्यवस्था के लिए जारी किये गये हैं।




## आज का इतिहास

नई दिल्ली,02 मार्च (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:-
1707: मुगल बादशाह औरंगजेब का निधन हुआ। 1839: जमशेदजी एन टाटा का जन्म। 1919: मराठी के प्रसिद्ध लेखक हरि नारायण आप्टे का निधन। 1943: महात्मा गांधी ने 21 दिन से चली रही अपनी भूख हड़ताल को समाप्त करने का फैसला किया। 1965: अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1966: बीबीसी ने अगले वर्ष से रंगीन टेलीविजन प्रसारण की अपनी योजना का ऐलान किया। 1971: ऐसी खबर मिली कि चीन ने अपना दूसरा भू उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है। 1973: वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर। 1974: तुर्की एयरलाइंस का जेट विमान डीसी 10 अंकारा से लंदन जाते हुए पेरिस के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में विमान में सवार सभी 345 लोगों की मौत। 1983 : नई दिल्ली में सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का आयोजन। 2005: अमेरिका के रोमांच प्रेमी स्टीव फोसेट ने 67 घंटे तक लगातार बिना रुके उड़ान भरकर पृथ्वी का चक्कर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने विमान में ईंधन भी नहीं भरा। 2006: श्रीलंका के बल्लेबाज मुथैया मुरलीधरन ने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते हुए अपना 1000वां अन्तराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। वह यह कारनामा अंजाम देने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज। 2008: केंद्र सरकार ने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए धन लक्ष्मी योजना की शुरुआत की। 2009: पाकिस्तान के लाहौर में मैच खेलने जा रही श्रीलंका की टीम की बस पर हथियारबंद हमलावरों ने गोलियां चलाईं। 2013: संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे के रूप में मनाने का ऐलान किया। 2023: पद्म भूषण से सम्मानित राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी सत्यव्रत मुखर्जी का निधन हुआ।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 02 मार्च, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1332, रसकट ढैया 1250-1265, चाकू 1370-1516, लड्डू 1400-1465, खुरपापाड़ 1340-1350, शक्कर मसाला 1450-1463। आमद- 5000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 02 मार्च, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 87400 | चांदी- | 95500 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65240 |

## आपका आज का राशिफल

सोमवार, 03 मार्च, 2025

**मेष-** आज सायं 5/41 बजे तक असफलता, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, धर्म में अरुचि, यात्रा में हानि, शेष समय में आृथक समस्या का निवारण, धनागम भी।
**वृषभ-** आज सायं 5/41 बजे तक समय शुभ, अधूरे कार्यों की पूृत, विवाद का निर्णय पक्ष में, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में दिनचर्या अव्यवस्थित, स्वास्थ्य शिथिलता।
**मिथुन-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के सुअवसर, ज्ञान में रुचि।
**कर्क-** स्वास्थ्य सुधार पर, मन प्रसन्न, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, घरेलू वातावरण सुखद, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सद्भाव।
**सिंह-** आज सायं 5/41 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, प्रगति में व्यवधान, यात्रा असफल, शेष समय में कठिनाइयों की निवृत्ति, लाभ, अधूरी योजना कार्यान्वित।
**कन्या-** आज सायं 5/41 बजे तक भाग्योन्नति, आरोग्य सुख, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, शेष समय प्रतिकूल, व्यय की अधिकता, व्यवसाय में निराशा, धन हानि।
**तुला-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, परोपकार की भावना जागृत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क से मसले हल, बकाए धन की वसूली।
**वृश्चिक-** विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, आपसी सलाह से कामयाबी, प्रतियोगिता में सफलता, विशिष्टजनों से अनुकूलता, सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।
**धनु-** आज सायं 5/41 बजे तक ग्रहयोग विपरीत, समस्याओं से मन अशांत, शंका-कुशंका प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय में सफलता, अधूरे कार्यों की पूृत।
**मकर-** आज सायं 5/41 बजे तक समय शुभ, व्यक्तित्व का विकास, आृथक उन्नति, मानसिक प्रसन्नता, शेष समय में साझेदारी के व्यापार में हानि, मित्रों से विरोध।
**कुम्भ-** जटिल समस्या के समाधान में स्वजन सहायक, सहयोगियों की गतिविधियों से खुशी, वाद-विवाद में कमी, धाृमक स्थलों की यात्रा से आनन्द की अनुभूति।
**मीन-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आमोद-प्रमोद के साधन, लाभ का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# यूपी में सड़क सुरक्षा पर बड़ा निर्णय, एक्सप्रेस वे पर नहीं बिक सकेगी शराब

**लखनऊ, 02 मार्च (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में शराब बिक्री रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलेडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। सीएम योगी ने कहा कि ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों- हरदोई, मथुरा, आगरा,



लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। प्रदेश में एनएचआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगें, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पर करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं।

# आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर में होगा प्रीमियर लीग

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बुस.)।** मुजफ्फर नगर क्रिकेट एसोसिएशन जनपद की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए जल्द ही आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग कराएगा, जिसमें 90 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह निर्णय आज एसोसिएशन की एक बैठक में लिया गया। भगीरथ चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि टी-20 लीग में केवल जनपद के खिलाड़ी ही खेल सकेंगे। बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह ने की। प्रत्येक भाग लेने वाली टीम उत्तर प्रदेश से 2 बोर्ड ट्रॉफी प्लेयर जनपद से बाहर के भी टीम में खिला सकेगी। रंगीन कपड़ों में खेली जाने वाली लीग के प्रथम संस्करण में 6 टीमें ही भाग लेंगी। लीग में कुल 14 मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर ही होगा। बैठक में मुजफ्फर नगर क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय बनाने पर भी सहमति जताई गई, जिसको जल्दी ही कार्यान्वित करने पर बल दिया गया। आज की बैठक में एसोसिएशन की बैठकों में नदारद निष्क्रिय सदस्यों को भी हटाने पर निर्णय लिया गया। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा भी दिया गया और प्रदेश स्तर पर जनपद के नाम रोशन करने पर प्रदेश की टीम में मैनेजर, कोच और फिजियो रहे विकास राठी, पारुल चौधरी और डॉ. शिवानी लाल को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में चेयरमैन भीम कंसल, उपाध्यक्ष इंदर माथुर, संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, अजय जैन सीए, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज आदि सदस्य भी मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से उछलकर नहर में गिरी बाइक, युवक की मौत

**सहारनपुर, 02 मार्च (एजेंसी)।** ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक समेत तीन दोस्त उछलकर नहर में जा गिरे। दो तो किसी तरह बच निकले, मगर एक युवक की मौत हो गई। उसका शव घटनास्थल से दो किमी दूर मिला। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**रात्रि ड्यूटी करके बाइक से घर लौटरहे थे तीन दोस्त, दो युवक बचे**

कोतवाली बेहट के गांव लतीफपुर बूढ निवासी कार्तिक (18) पुत्र जयपाल, सचिन पुत्र नेत्रपाल और लवीश पुत्र सतीश मित्र थे। तीनों हिमाचल प्रदेश की एक दवाई फैक्ट्री में कार्य करते थे। रविवार सुबह तीनों रोजाना की तरह रात्रि ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही गांव रायपुर से पहले एक मोड़ पर पहुंचे, तो दूसरी तरफ सामने से पत्तों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली आ रही थी। ट्रैक्टर ट्रॉली की साइड लगने से पूर्वी यमुना नहर में उनकी बाइक जा गिरी। तीनों बचने के लिए हाथ पैर मारने लगे। सचिन और लवीश तो जैसे तैसे कुछ दूरी पर आगे जाकर बाहर निकल आए, लेकिन कार्तिक का कुछ पता नहीं चल पाया। दोनों ने बाहर निकलकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर का पानी बंद कराया। इसके बाद करीब दो किमी दूर कार्तिक का शव नहर से बरामद कर लिया गया। मृतक के परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के ही शव सौंप दिया।

# अयोध्या में राम मंदिर परिसर में बन रहे 15 मंदिर, राम दरबार की मूर्तियां हुई फाइनल

**लखनऊ, 02 मार्च (एजेंसी)।** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना रामनवमी के पहले हो सकती है। जयपुर में बन रहीं राम दरबार की मूर्तियां तैयार हो चुकी हैं। मार्च के दूसरे सप्ताह में मूर्तियों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। राम दरबार की मूर्तियों पर राम मंदिर ट्रस्ट ने मुहर लगा दी है। 26 फरवरी को जयपुर गई ट्रस्ट की टीम ने मूर्ति निर्माण कार्य देखा। जयपुर में 15 मंदिरों की मूर्तियां बन रही हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर के अलावा 15 अन्य मंदिर भी बन रहे हैं। इन मंदिरों में स्थापित होने वाली मूर्तियों का निर्माण जयपुर में मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय की टीम कर रही है। विगत दिनों राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ने जयपुर जाकर मूर्ति निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सफेद संगमरमर पर बन रहीं दरबार की मूर्तियां ट्रस्ट को पसंद आ गई हैं और ट्रस्ट ने इसे फाइनल कर दिया है। बताया गया कि राम दरबार की मूर्तियों के निर्माण का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। 15 मार्च के बाद इन मूर्तियों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है।

रामनवमी का पर्व 30 मार्च से शुरू हो रहा है। रामनवमी का मुख्य उत्सव रामजन्मोत्सव छह अप्रैल को मनाया जाएगा। रामनवमी के उत्सव से पहले राममंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जा सकती है। राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना के लिए गर्भगृह बनकर तैयार है। महापीठ (जहां मूर्ति स्थापित होगी ) भी बनकर तैयार है। दूसरे तल पर दुनिया में प्रचलित सभी भाषाओं की रामायण का संग्रह किए जाने की योजना है। राम दरबार के लिए बनाए जा रहे विग्रह की ऊंचाई 4.5 फीट तय की गई है। दरबार का सिंहासन भी स्वर्ण जड़ित होगा। मंदिर के दरवाजे भी स्वर्ण जड़ित होंगे। भगवान राम और माता सीता का श्रीविग्रह श्वेत संगमरमर की एक शिलाखंड पर ही निर्मित हो रहा है, जबकि हनुमान जी के अलावा तीनों भाइयों (भरत-शत्रुघ्न व लक्ष्मण) के विग्रह का निर्माण अलग-अलग शिलाखंड में हो रहा है। इनकी ऊंचाई दो से तीन फीट के बीच होगी। बाण व धनुष का निर्माण अलग से किया जा रहा है। इसके लिए जयपुर में परकोटा के छह मंदिर व सप्त मंडपम के सात मंदिरों की भी मूर्तियां सफेद संगमरमर पर ही बन रही हैं। राम मंदिर के शिखर निर्माण का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शिखर का निर्माण कुल 29 लेयर में किया जाना है। अब तक 21 लेयर का काम पूरा हो चुका है। आठ लेयर का काम बाकी है, शिखर निर्माण का काम मार्च के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। राममंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 44 फीट ऊंचा धर्मध्वज दंड भी लगाया जाना है।

# सड़क चौड़ीकरण पर भाकियू नेता से भिड़ गये व्यापारी, हंगामे के बीच चरथावल मार्ग पर काम शुरू

**चरथावल, 02 मार्च (बु.)।** लंबे समय से अधूरे पड़े निर्माण कार्य शुरू होने पर भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष एवं व्यापारियों में नोंकझोंक हो गई। हंगामे के बाद घंटों बाद सहमति बनने पर कार्य शुरू हो गया। चरथावल-थानाभवन मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य को मंजूर हुए करीब दो साल बीत चुके है। लोनिवि की धीमी रफ्तार के कारण कई जगह काम अधूरा पड़ा है। भाकियू एवं भाकियू अराजनैतिक के सड़क के बीच से निर्माण पर अलग-अलग राय होने के कारण हजारों लोग परेशानी झेल रहे हैं। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर लोनिवि हरकत में आया। चेयरमैन इस्लामुद्दीन त्यागी भाजपा नेता आदि काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। व्यापारी एवं किसान संगठन के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। चेयरमैन ने बताया वर्तमान में जहां सड़क की चौड़ाई 40 फीट है, वहां सड़क निर्माण चलता रहेगा। उसके बाद सहमति बनने के बाद काम पूरा कराने में सहयोग किया जाएगा। जेसीबी मशीन सहित अन्य सामान लेकर विभाग ने सीएचसी के सामने कार्य शुरू किया। भनक लगने पर भाकियू अराजनैतिक के नेता कुशलवीर सिंह समर्थकों संग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क के मध्य से दोनों तरफ 40 मीटर की दूरी पर निशान लगवाकर काम कराने की बात कहते हुए काम रूकवा दिया। इसी बीच दर्जनों व्यापारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क निर्माण को रोकने पर कड़ा एतराज जताया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में काफी देर कहासुनी और हंगामा हुआ।



# हिमस्खलन की चपेट में आए सभी श्रमिक मिले, आठ के शव बरामद

**देहरादून, 02 मार्च (वार्ता)।** उत्तराखंड में भारत, चीन पर स्थित माणा गांव के पास शुक्रवार को हुए हिमस्खलन की चपेट में आकर लापता चल रहे सभी चार श्रमिकों के शव रविवार को खोज एवं बचाव दलों ने बरामद किए।

इससे पहले शनिवार रात चार श्रमिकों के शव बरामद किए गए थे। इस प्रकार अब तक कुल आठ श्रमिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। गंभीर रूप से घायल दो श्रमिकों का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश में उपचार किया जा रहा है। आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने आज शाम बताया कि खोज एवं बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर किए गए रेस्क्यू कार्य अब पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि ज्योतिर्मठ में मृत श्रमिकों का पोस्टमार्टम किए जाने की कार्रवाई गतिमान है। मृतकों के शवों को उनके घर पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो श्रमिकों का एम्स में उपचार किया जा रहा है। एम्स, ऋषिकेश प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार, उनकी स्थिति में सुधार है। उन्होंने बताया कि वृहद स्तर पर संचालित रेस्क्यू अभियान के दौरान, आज चार शव बरामद हुए हैं जबकि कल भी चार शव बरामद किए गए थे। इस तरह कुल आठ शव अब तक बरामद किए गए हैं। श्री सुमन ने बताया कि बदरीनाथ/माणा से सुरक्षित रेस्क्यू किये गए 46 श्रमिकों में से 44 श्रमिकों को ज्योतिर्मठ स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी स्थिति सामान्य बतायी गयी है। उनके उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है तथा उनकी जरूरतों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू अभियान को गति देने के लिए आज जीपीआर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची, जिसे एमआई-17 हैलीकाप्टर द्वारा घटना स्थल के लिए भेजा गया। इसके अलावा, एनडीआरएफ द्वारा थर्मल इमेजिंग कैमरा, विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, एवलांच रॉड, डॉग स्क्वाड को घटना स्थल पर भेजा गया तथा इनके माध्यम से व्यापक स्तर पर रैस्क्यू अभियान संचालित किया गया।

# बाइक सवार सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

## शामली में पशु चिकित्सालय कर्मचारी देवराज देर रात बाइक से दूध लेने गया था, इसी बीच बदमाशों ने रोककर सिर में मार दी गोली, परिवार में कोहराम, पुलिस में मचा हड़कम्प

**शामली, 02 मार्च (एजेंसी)।** कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम में कब्रिस्तान के निकट बाइक सवार 45 वर्षीय पशु चिकित्सालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी देवराज की सिर में सटाकर गोली मारकर हत्या कर दी। कर्मचारी की हत्या से परिजनों में गम का माहौल बना है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक बाइक पर दूध लेने के लिए गया था और इसी बीच बदमाशों ने उसको रोका तथा गोली मार दी। गोली सिर में लगने के कारण कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और बदमाश फरार हो गये। पुलिस इस मामले को रंजिश से भी जोड़कर देख रही है।

गांव गढ़ीश्याम निवासी देवराज गंगेरू पशु चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। वह अपने परिवार समेत गंगेरू पशु चिकित्सालय में सरकारी क्वार्टर में रहते थे। रोज की तरह रविवार रात को वह बाइक से दूध लेने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित अपने गांव गढ़ीश्याम जा रहे थे। जब वह रास्ते में गांव गढ़ीश्याम से पहले कब्रिस्तान के निकट पहुंचा तो बदमाशों ने उसे रोक लिया और सिर में सटाकर गोली मार दी। इसके बाद बदमाश मौके से भाग गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में उसे सीएचसी कांधला ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्मचारी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। एएसपी संतोष कुमार सिंह और सीओ कैराना श्याम सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एएसपी का कहना है कि प्रथम दृष्टया रंजिश में गोली मारकर हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। इस मामले में परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



# सुमित के प्यार में मजहब की दीवार तोड़कर गुलफशा बनी पूजा, मंदिर में लिए सात फेरे

**बरेली, 02 मार्च (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी जिले की रहने वाली गुलफशा ने प्यार की खातिर अपना धर्म बदल लिया। उसने सनातन हिंदू धर्म अपनाने के बाद अपना नाम पूजा कर लिया। इसके बाद बरेली के एक मंदिर में प्रेमी सुमित गिरि से शादी कर ली। सुमित पीलीभीत के बीसलपुर का निवासी है। गुलफशा ने बताया कि वह दिल्ली में एक कंपनी में काम करती थी। उसी कंपनी में सुमित भी थे।

एक साल पहले दोनों की मुलाकात हुई। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। दोनों को प्यार हो गया। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन उनके रिश्ते के आड़े मजहब की दीवार आ गई। गुलफशा के मुताबिक उसके घरवाले सुमित से रिश्ते को लेकर खिलाफ थे। उसकी मां सौतेली है, जो उनके साथ मारपीट करती थी। उसके टॉर्चर से परेशान होकर गुलफशा ने घर छोड़ने का फैसला कर लिया। वह 25 फरवरी को अपना घर छोड़कर प्रेमी सुमित के पास पहुंच गई। गुलफशा और सुमित रविवार को बरेली के एक मंदिर पहुंचे और शादी कर ली। सुमित ने गुलफशा की मांग में सिंदूर भरा और मंगलसूत्र पहनाया। गुलफशा ने कहा कि वह बालिग है। उसने अपनी मर्जी से सुमित के साथ शादी की है। इसमें किसी की जोर जबरदस्ती नहीं है। उसने अपने परिवार से जान का खतरा भी जताया। कहा कि अगर मुझे या मेरे पति के साथ कुछ भी बुरा होता है तो इसके जिम्मेदार मेरे घरवाले होंगे। गुलफशा और सुमित दोनों इंटरमीडिएट पास हैं। गुलफशा भगवान शिव को मानती है और उनकी पूजा करती है। गुलफशा ने कहा कि वह सुमित से शादी कर-के खुश है। वहीं, सुमित ने भी जीवनभर उसका साथ देने का वचन किया।



## प्यार के आगे बौनी हो गई सरहद, सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद ने ऑनलाइन किया निकाह

**जम्मू, 02 मार्च (एजेंसी)।** सरहद की बंदिशें सियासतदानों के लिए हैं, प्यार के लिए नहीं। ये बात सच कर दिखाई सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद ने। सरहद की तल्खियां, दुल्हन को वीजा न मिलने की मजबूरियां ये सब मुनीर और पाकिस्तान की मीनल खान के प्यार में बाधा नहीं बन सके। वीजा नहीं मिला तो दोनों ने ऑनलाइन निकाह कर लिया। नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार देर रात मीनल अपनी ससुराल पहुंचीं। जम्मू के भलवाल तहसील के राब्ता हंडवाल गांव निवासी नाजिर अहमद ने अपने बेटे मुनीर अहमद की शादी पाकिस्तान के सियालकोट पंजाब में स्थित कोटली फकीर चंद गुंजन निवासी अपने साले असगर खान की बेटी मीनल से तय की थी। शादी से पहले मुनीर ने मीनल के वीजा के लिए आवेदन भी कर रखा था। लेकिन सरहद पर चल रही तल्खियों के चलते मीनल को वीजा नहीं मिल सका। आखिरकार पिछले साल 24 मई को मुनीर व मीनल ने ऑनलाइन निकाह कर अपने प्यार को रिश्ते का नाम दे दिया। शादी के बाद मीनल को 15 दिन का वीजा मिला है। लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार सुबह वह वाघा बॉर्डर पहुंचीं। मुनीर बॉर्डर पर अपनी दुल्हन का इस्तकबाल करने के लिए पहले से ही पहुंचे थे। देर रात मीनल ससुराल पहुंचीं, जहां मुनीर के परिवारीजन ने उनका जोरदार स्वागत किया। परिवारीजन के मुताबिक मीनल के परिजन 1947 में देश के विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए थे।



# कुंभ के बाद खाटू श्याम मेले में भी चलेंगी स्पेशल ट्रेन

**नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)।** महाकुंभ के बाद अब श्रद्धालुओं को खाटू श्याम का दर्शन कराने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है। दिल्ली के स्टेशनों से रींगस जंक्शन तक मेला स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे की इस पहल से खाटू श्याम का दर्शन करने की श्रद्धा रखने वालों की राह आसान होगी।

रेल यात्रियों की सुविधा के लिए और खाटू श्याम फाल्गुन लक्खी मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ट्रेन संख्या 04404/04403 दिल्ली जंक्शन-रींगस जंक्शन-दिल्ली जंक्शन के बीच मेला स्पेशल चलाएगा। यह स्पेशल ट्रेन अनारक्षित होगी। दिल्ली जंक्शन से यह ट्रेन (04404) रींगस जंक्शन के लिए तत्काल प्रभाव से 11 मार्च तक चलेगी। वापसी दिशा में रींगस जंक्शन से यह ट्रेन (04403) दिल्ली जंक्शन के लिए तत्काल प्रभाव से 12 मार्च तक के लिए चलेगी। मार्ग में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दिल्ली जंक्शन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, पटौदी रोड, रेवाड़ी जंक्शन, महेंद्रगढ़, लोहारू, झुंझुनूं, सीकर जंक्शन और रींगस जंक्शन पर ठहरेगी। उधर रेलवे ने महरौली-डासना रेल सेक्शन में स्वचालित सिग्नलिंग की वजह से ट्रैफिक ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। इस वजह से ट्रेन संख्या 22419 गाजीपुर सिटी-आनंद विहार तत्काल प्रभाव से मुरादाबाद-हापुड़ के बजाय मुरादाबाद-लक्सर जंक्शन-टपरी-मेरठ सिटी-गाजियाबाद-आनंद विहार के रास्ते चलाया गया है।

# खराब वाहन को धक्का दे रहे लोगों को ट्रक ने कुचला, तीन लोगों की हुई मौत

**मुरादाबाद, 02 मार्च (एजेंसी)।** बरेली बाईपास पर कल्याणपुर के नजदीक रविवार सुबह खराब ट्रक को धक्का मार रहे मजदूरों को एक अन्य ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। दुर्घटना के चलते बाईपास पर वाहनों की कतारें लग गई।

इस बीच ट्रक चालक मौके भाग निकले। घटना के शिकार मजदूर गुड़गांव से मजदूरी कर लखीमपुर खीरी स्थित अपने घर लौट रहे थे। लखीमपुर खीरी जिले के मजदूरी करने वाले 20 पुरुष और महिलाएं गुड़गांव के सेक्टर 57 से शनिवार की रात घर जाने के लिए निकले थे। मजदूरों ने एक ट्रक पर सामान लादकर युवक संदीप कुमार को बैठा दिया। दूसरे ट्रक पर अन्य मजदूर सवार हो गए। सुबह चार बजे कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के नजदीक खराब ट्रक में धक्का मारने के लिए मजदूर उतर गए। इस बीच सब्जी से भरे दूसरे ट्रक ने टक्कर माररने के बाद पटल गया। इस दौरान तीन मजदूरों की कुचलने से मौत हो गई और आठ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकले। कटघर पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर चौरा गांव निवासी शंभू दयाल (45), गांव बेती सहदेव निवासी अशोक (30), मिथौली गांव निवासी लवकुश (29) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल रमेश, मोहित, चेतराम, रामलखन, शांति देवी पत्नी शंभू, संदीप पुत्र शंभू. विनोद पुत्र जसकरन निवासी चौरा थाना ईसानगर लखीमपुर खीरी व देवी, फूलपुर गुइया थाना तंबौर सीतापुर के रहने वाले हैं। घायलों में चार लोगों को कांठ रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सवारी के इंतजार में खड़ी सास-बहू को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

**बिजनौर, 02 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में सड़क हादसे में हुई सास-बहू की मौत से पूरे सिंगार गांव में मातम पसरा हुआ है। बहू इरफाना की एक चार साल की बेटी आलिया है। जिससे अब मां का प्यार हमेशा के लिए छिन गया है। करीब पांच साल पहले इरफाना की शादी मुस्तकीम के साथ पूरे रीति रिवाज के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ हुई थी। इससे पहले एक साल के बेटे की मौत हो गई थी। इरफाना मुस्तकीम की मामा की लड़की थी। ससुर मजीद का कहना हैं कि पुत्रवधु इरफाना की तबीयत खराब थी, जिसकी दवाई दिलाने के लिए पत्नी अमरूदी के साथ बड़कली जा रहे थे। खानपुर घाटी गांव के समीप सवारी के इंतजार में खड़े थे। तभी तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे पत्नी अमरूदी और पुत्रवधु इरफाना की मौके पर ही मौत हो गई। पिछले कई वर्षों से मुस्तकीम अहमदाबाद में जेसीबी चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहा है। जब यह हादसा हुआ तो उस वक्त भी मुस्तकीम जेसीबी चला रहा था। परिजनों ने फोन कर उसको घटना से अवगत कराया। जिसके बाद हवाई जहाज का सफर कर पत्नी की मौत में शामिल होने आ रहा है।**

# लालू के डीएनए में लूट और बलात्कार, डकैती : गिरिराज

**गया, 02 मार्च (वार्ता)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि उनके डीएनए में लूट, बलात्कार और डकैती है। श्री सिंह रविवार को गया पहुंचे, जहां उन्होंने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर चर्चा की।इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने राजद प्रमख और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि श्री लालू ने अपने बेटे को लांच किया है। छपरा में लालू यादव ने कहा था कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाओगे तो बिहार में जगमग होगा?। वो कहते है कि मैंने ये किया, वो किया। उन्होंने सवालिया लहजा में कहा,राजद के शासनकाल में शादी करके पति-पत्नी लौटते थे तो उनको उतारकर गाड़ी ले लिया जाता था. क्या विकास का मॉडल यही होगा।

# दो सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत

**बारां, 02 मार्च (वार्ता)।** राजस्थान के बारां जिले में दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार किशनगंज थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर शनिवार देर रात 11 बजे एक कारअनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में सवार झांसी निवासी लालाराम कश्यप (70) और उसके पुत्र गुलाब सिंह (55) की मौके पर ही मौत हो गई। जिनके शव पुलिस ने मॉचुर्री में रखवाए। रविवार को पोस्टमार्टम करवाया गया। हादसे में कैलाशचंद (52), दुर्गेश (45) और भगवानदास (62) घायल हो गए। गंभीर हालत होने पर तीनों को बारां रेफर कर दिया। सभी लोग गुलाब सिंह के बेटे की शादी के लिए लड़की देखने कोटा आए हुए थे। एक अन्य हादसे में बारां के नियाना सर्किल के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें कुंजबिहार कॉलोनी निवासी नितेश प्रजापति (20) की मौत हो गई तथा राहुल योगी गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मदद करते समय उसे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना असहनीय: धनखड़

**तिरुवनंतपुरम, 02 मार्च (वार्ता)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि किसी की मदद करते समय उसे धर्म परिवर्तन के प्रेरित नहीं करना चाहिए और यह असहनीय है। श्री धनखड़ ने आज यहां भारतीय विचारकेन्द्रम की ओर से आयोजित ह्वलोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्यह्व विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मारक व्याख्यान में इस आशय के उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा,ह्वचुनौती विभिन्न रूपों में आ रही है जिनमें एक है प्रलोभन, लालच, जरुरतमंदों एवं कमजोर लोगों तक पहुंचना तथा सहायता प्रदान करना और फिर सूक्ष्म तरीके से धर्म परिवर्तन का सुझाव देना है। देश सभी को अपनी पसंद का धर्म रखने की अनुमति देता है। यह हमारा मौलिक अधिकार है। यह हमें हमारी सभ्यतागत संपदा से मिला है, अगर इससे छेड़छाड़ की जाती है अथवा इसे तोड़ा-मरोड़ा जाता है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे की बेटी से जलगांव में छेड़छाड़

**जलगांव, 02 मार्च (वार्ता)।** एक चौंकाने वाली घटना में महाराष्ट्र के जलगांव में रविवार को अज्ञात लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना उस समय हुई,जब सुश्री खडसे की बेटी अपने दोस्तों के साथ शहर के मुक्ताईनगर इलाके में एक 'यात्रा' (मेला) में गयी थी, जहां अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की। सुरक्षा गार्डों के प्रयासों के बावजूद अपराधी मौके से भाग निकले। घटना के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री महिला कार्यकताओं और लड़कियों के साथ आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए अज्ञात अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने पहुंची। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे ने घटना की निंदा की और इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं केवल मुक्ताईनगर में नहीं बल्कि पूरे राज्य में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरी पोती ने मुझे इस बारे में बताया तो मैंने उसे खुद जाकर शिकायत करने को कहा।

# इजराइल ने समझौते के बचने के लिए किया रमजान संघर्ष विराम

**गाजा, 02 मार्च (वार्ता)।** हमास ने रविवार को कहा कि इजराइल द्वारा अस्थायी अवकाश संघर्ष विराम के अमेरिकी प्रस्ताव को अपनाना गाजा युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण की बातचीत से बचने का एक प्रयास है। गाजा युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के कुछ घंटों बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने आज कहा कि इजरायल ने गाजा में रमजान और फसह की छुट्टियों के लिए हमास के साथ अस्थायी संघर्ष विराम के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास ने एक बयान में कहा कि हम हस्ताक्षरित समझौते को उसके तीन चरणों में लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और हमने समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करने के लिए अपनी तत्परता की बार-बार घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि हम इस बात पर जोर देते हैं कि कब्जे वाले बंधकों को बहाल करने का एकमात्र तरीका (संघर्ष विराम) समझौते का पालन करना है, दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तुरंत बातचीत में शामिल होना है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम में मोदी

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम की झलकियाँ साझा कीं, जिसमें उन्होंने भाग लिया था। जहान-ए-खुसरो इस साल अपनी 25 वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी के सुंदर नर्सरी स्थल पर शुरू हुआ। इसका समापन कल हो गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्रधानमन्त्री ने देश की संस्कृति और कला के लिए ऐसे महोत्सवों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे पल न सिर्फ.देश की संस्कृति और कला के लिए अहम होते हैं, बल्कि सुकून भी देते हैं। प्रधानमन्त्री ने इस अवसर पर रमजान की शुभकामनाएँ भी दीं। उन्होंने कहा कि चूँकि मैं यहाँ सुंदर नर्सरी में हूँ, इसलिए आगा खान को याद करना जरूरी है। सुंदर नर्सरी को सुंदर बनाने में उनका योगदान कई कलाकारों के लिए वरदान रहा है। उन्होंने कहा,यहाँ प्रस्तुत 'नजर-ए-कृष्ण' में हमने अपनी साझी विरासत की झलक देखी। जहान-ए-खुसरो के इस आयोजन में एक अनोखी खुशबू है, हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू! प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि हजरत अमीर खुसरो ने उस समय भारत को दुनिया के सभी बड़े देशों से महान बताया था, उन्होंने संस्कृत को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया था, वे भारत के ज्ञानियों को महानतम विद्वानों से भी महान मानते हैं। सूफ़ी संस्कृति के बारे में बोलते हुए प्रधानमन्त्री ने कहा कि जब सूफ़ी संस्कृति भारत आई, तो उसे अपनी जड़ों से जुड़ाव महसूस हुआ। इस महोत्सव में अमीर खुसरो की विरासत का जश्न मनाने के लिए दुनिया भर के कलाकार एक साथ आते हैं। रूमी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत 2001 में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और कलाकार मुजफ्फर अली ने की थी और इस साल यह अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने टीईएच बाजार का दौरा किया, जिसमें एक जिला-एक उत्पाद शिल्प, देश भर से उत्कृष्ट कलाकृतियाँ और हस्तशिल्प और हथकरघा पर लघु फिल्में प्रदर्शित की गईं। समारोह में बात अमीर खुसरो की हो रही थी, तो उन्होंने इस सूफ़ी विद्वान की बातों के जरिये संस्कृत के महत्व को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने कवि रसखान का जिक्र भी किया, जो मुसलमान थे, मगर कृष्ण भक्ति वाली कविताएं लिखीं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत का महिमा मंडन तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के बयान देने के एक दिन बाद किया। स्टालिन ने हाल ही में त्रिभाषा फॉर्मूले की आलोचना करते हुए कहा था कि संस्कृत और हिंदी ने उत्तर भारत की 25 भाषाओं को खत्म कर दिया। अगर तमिलनाडु में इन दोनों भाषाओं को पढ़ने की इजाजत दी गई, तो तमिल भी खत्म हो जाएगा। उन्होंने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का विरोध करने का ऐलान किया था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सूफ़ी संत खुद को मस्जिदों और दरगाहों तक सीमित नहीं रखते थे। अगर वे पवित्र कुरान की आयतें पढ़ते थे, तो वेदों के शब्दों को भी सुनते थे। 13वीं शताब्दी में पैदा हुए खुसरो ने भारत को किसी भी अन्य राष्ट्र से महान बताया। खुसरो ने न केवल अपनी किताब में इसका जिक्र किया, बल्कि उन्हें इस पर गर्व भी था। पीएम मोदी ने निजामुद्दीन औलिया, रूमी और रसखान जैसे कई सूफ़ी संतों और कवियों के नाम लिए। इस कार्यक्रम से जुड़े वीडियोज बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी के एक्स हैंडल से शेयर भी किए गए। इस कार्यक्रम में सूफ़ियों की कव्वालियों पर तालियां भी खूब बजीं। खुद पीएम मोदी हथेली थपकाते नजर आए। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह, कई डिप्लोमैट, अफसर, साहित्य एवं कला जगत की हस्तियां समेत कव्वाली और सूफ़ी संगीत के मुरीद शामिल थे। दिल्ली में यह चंद मौकों में से एक था, जब पीएम ने लुटियंस जोन के संगीतमय कार्यक्रम में लंबी शाम बिताई है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने भी लुटियंस जोन में एंट्री ली है, यह उनके तीसरे टर्म का अलग ही संकेत है जिस पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है, क्योंकि प्रधानमन्त्री ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अलग ही विमर्श प्रस्तुत किया है।अबुल हसन यमीनुद्दीन अमीर खुसरो चौदहवीं सदी के लगभग दिल्ली के निकट रहने वाले एक प्रमुख कवि, शायर, गायक और संगीतकार थे। उनका परिवार कई पीढ़ियों से राजदरबार से सम्बंधित था। स्वयं अमीर खुसरो ने 8 सुल्तानों का शासन देखा था।अमीर खुसरो प्रथम मुस्लिम कवि थे, जिन्होंने हिंदी शब्दों का खुलकर प्रयोग किया है। वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने हिंदी, हिन्दवी और फारसी में एक साथ लिखा, उन्हें खड़ी बोली के आविष्कार का श्रेय दिया जाता है। वे अपनी पहेलियों और मुकरियों के लिए जाने जाते हैं। सबसे पहले उन्हीं ने अपनी भाषा के लिए हिन्दवी का उल्लेख किया था। वे फारसी के कवि भी थे। उनको दिल्ली सल्तनत का आश्रय मिला हुआ था। इन्होंने बहुत सारे ग्रंथ लिखे। साथ ही इनका इतिहास स्रोत रूप में महत्त्व है। अमीर खुसरो को तोता-ए-हिंद कहा जाता है। सैफुद्दीन के पुत्र अमीर खुसरो का जन्म सन 1253 में उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पटियाली नामक कस्बे में हुआ था। सात वर्ष की अवस्था में खुसरो के पिता का देहान्त हो गया। किशोरावस्था में उन्होंने कविता लिखना प्रारम्भ किया और २० वर्ष के होते होते वे कवि के रूप में प्रसिद्ध हो गए। खुसरो में व्यावहारिक बुद्धि की कोई कमी नहीं थी। सामाजिक जीवन की खुसरो ने कभी अवहेलना नहीं की। खुसरो ने अपना सारा जीवन राज्याश्रय ही में बिताया। राजदरबार में रहते हुए भी खुसरो हमेशा कवि, कलाकार, संगीतज्ञ और सैनिक ही बने रहे। साहित्य के अतिरिक्त संगीत के क्षेत्र में भी खुसरो का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने भारतीय और ईरानी रागों का सुन्दर मिश्रण किया और एक नवीन राग शैली इमान, जिल्फ, साजगरी आदि को जन्म दिया व भारतीय गायन में कव्वाली और सितार को इन्हीं की देन माना जाता है। इन्होंने गीत के तर्ज पर फारसी में और अरबी गजल के शब्दों को मिलाकर कई पहेलियाँ और दोहे भी लिखे हैं। जलालुद्दीन ने उन्हें अमीर की उपाधि से नवाजा था, वो एक दरबारी कवि रहे फिर भी भारतीय संस्कृति से जुड़े रहे। अमीर खुसरो के दोहे भी बहुत प्रसिद्ध हैं जैसे-

अंगना तो परबत भयो देहरी भई विदेस,
जा बाबुल घर आपने, मैं चली पिया के देस।
खुसरो पाती प्रेम की बिरला बाँचे कोय,
वेद, कुरान, पोथी पढ़े प्रेम बिना का होय।
गोरी सोये सेज पर, मुख पर डाले केश
चल खुसरू घर अपने, रैन भई चहूँ देश

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'कौम' 'वक़्त' 'शक्ल' 'गुरूर'**

जो अपनी कौम की बेजा वकालतों में रहा,
उसे तो वक़्त ने शैताने दुनिया माना है।
जो एक शक्ल पे सौ शक्ल का गुरूर रखे,
उसे भी एक दिन दुनिया को छोड़ जाना है।

# कारगिल युद्ध में जौहर दिखाने वाले सूबेदार विजेंद्र सिंह 30 साल की सेवा पूर्ण कर लौटे

## गांव शोरम पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत, अफगानिस्तान में स्थित भारतीय दूतावास में भी तैनात रहे

**शाहपुर, 02 मार्च (बु.)।** गांव सोरम निवासी सेना में सूबेदार बिजेंद्र सिंह के सेवानिवृत होकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। सूबेदार के पिता भी सेना से सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त है। गांव सोरम निवासी सेना में सूबेदार बिजेंद्र सिंह सन 1995 में सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने अपने 30 साल के कार्यकाल में कारगिल युद्ध में भाग लेने के साथ अफगानिस्तान में स्थित भारतीय दूतावास की सुरक्षा में तैनात रहने के साथ अन्य स्थानों पर तैनात रहकर देश की सेवा की। सेना से रिटायर होकर गांव में वापस लौटने पर ग्रामीणों ने उनका ढ़ोल-नगाड़ों बजवाकर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। सेवानिवृत्त सूबेदार ने अपने आवास पहुँचने पर पिता को सेल्यूट करने के साथ-साथ दण्डवत होकर प्रणाम किया। सेवानिवृत्त सूबेदार के पिता वीरपाल सिंह भी सेना में सूबेदार मेजर के पद पर रहकर 32 वर्ष देश सेवा कर चुके हैं। पिता ने भी 1965 एवं 1971 के युद्ध में भाग लिया था। वर्तमान में वह गांव में रहकर समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं। सेवानिवृत्त सूबेदार के गांव में पहुंचने पर रविन्द्र सिंह, नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, नवनीत नामदेव, मास्टर रजनीश कुमार, रामफल सिंह, मित्तरपाल, डॉ. वीरेंद्र सिंह, निशांत शर्मा, देवांश गोयल, प्रकाश पाल, रवि, विपिन, बाबूराम,संदीप व कपिल आदि मौजूद रहे।





# जानसठ क्षेत्र में पीएचसी पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला, मरीजों को मिला चिकित्सा लाभ

**रविवार के दिन भी अस्पतालों में हुआ 103 मरीजों का स्वास्थ्य का परीक्षण**

**जानसठ, 02 मार्च (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के सिखेड़ा, राजपुर कला, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

रविवार को मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 103 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकतर खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज पहुंचे। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की।



एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए।

31 मरीजो की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि पीएचसी राजपुर कला में किसी डॉक्टर की तैनाती नही होने की वजह से स्टाफ नर्स शादाब ने मरीजों को दवाई का वितरण किया। इस दौरान डॉ. अजय, डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

# सांसद चंदन चौहान ने शुकतीर्थ गंगा घाट पर की सफाई

## एडीएम वित्त और एसडीएम जानसठ सहित ग्रामीणों को साथ लेकर दिया प्रेरक संदेश

**भोपा, 02 मार्च (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ गंगा घाट पर पहुंचे बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने गंगा में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। शुकतीर्थ पहुंचे एडीएम वित्त, एसडीएम जानसठ, तहसीलदार आदि ने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से गंगा घाट पर गंदगी हटाई व गंगा से जलकुंभी निकालकर साफ-सफाई की। सांसद चंदन चौहान ने कहा कि गंगा की तलहटी और सतही जल में कई प्रकार की वस्तुएं आ जाती हैं, जिनसे गंगाजल प्रदूषित होता है। गंगा घाटों पर फैली सिल्ट और अन्य अवशिष्टों की सफाई जरूरी है, ताकि गंगा घाट स्वच्छ रहें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सांसद चंदन चौहान ने एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, तहसीलदार सतीशचंद बघेल, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, बीडीओ अक्सीर खान, कानूनगो ललित मोहन शर्मा के साथ मिलकर गंगा किनारे और घाट की सीढ़ियों पर




बिखरे कूड़े-कचरे को कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। स्वच्छता अभियान में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों ने गंगा सफाई में भाग लिया। इस अवसर पर पं. विनोद शर्मा, गंगा सेवा समिति के प्रबंधक देवेन्द्र आर्य, आलोक उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता

कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो ।

साक्षात्कार का समय:-
प्रात:10 बजे से सायं 5 बजे तक

दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भ के निस्तारण पर डीएम उमेश मिश्रा ने दिया जोर

## कहा-शिकायत दो दिन में सम्बंधित विभाग को की जाए अग्रसारित



**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तय समय सीमा में जांच करने के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायती प्रार्थना पत्रों पर जांच अधिकारी द्वारा की गई जांच व कार्यवाही की स्थिति का अवलोकन करते हुए कहा कि इन शिकायतकर्ता द्वारा उच्चाधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को समयान्तर्गत प्रेषित (प्राप्त किन्तु अनमार्क संदर्भों की श्रेणी) किया जा रहा है किन्तु कतिपय जांच अधिकारी द्वारा उक्त संदर्भों को नियत समय दो दिनों के बाद कार्यालय स्तर पर लंबित न कर संदर्भों के निस्तारण नियत तिथि 30 दिवस से ठीक पहले किया जा रहा है तथा अन्य विभाग से संबंधित प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को वापस किये जा रहे है, जिससे निस्तारण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है साथ ही ऐसा करने से जनपद तहसील की रैंक प्रभावित होती ही है। ऐसे प्रकरणों को मुख्यमंत्री जी कार्यालय द्वारा असंतोषजनक फीडबैक/सी-श्रेणी प्रदान की जाती है, जिससे प्रदेश स्तर पर जनपद की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव प्रड़ता है जो उचित नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक संदर्भ की नियत समय सीमावधि (अधिकतम 02 दिवस) के भीतर अनिवार्य रूप से जांच कर प्रकरण सम्बन्धित अधिकारी को जांच/नियमानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाये साथ ही अन्य विभाग से संबंधित प्रकरणों को उसी दिन वापस कर दिया जाये। उन्होंने अधीनस्थों को स्पष्ट किया कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी कार्य दिवस में पोर्टल कर अवलोकन कर रैंडमली इन शिकायती प्रार्थना पत्रों की स्थिति की जांच की जायेगी। विपरीत स्थिति पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को दोषी मानते हुए उनके विरूद्ध एकपक्षीय रूप से दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा।

# पालिका के निर्माण विभाग में दो जेई में कार्य का चेयरपर्सन ने किया विभाजन

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** नगरपालिका में मैन पॉवर बढ़ने से कामकाज भी सुलभ और सुगम हो रहे हैं। निर्माण विभाग में शासन स्तर से तबादले पर आए नए जेई को क्षेत्र आवंटित करते हुए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने दोनों अवर अभियंताओं के बीच कार्य विभाजन कर दिया है। अब एक जेई को 25 और दूसरे को 30 वार्डों की जिम्मेदारी दी है। बीते दिनों नगर निगम बनारस में कार्यरत जेई राजीव सोनकर का शासन ने नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर के लिए तबादला किया था। जिन्होंने बीते दिनों यहां पहुंचने के बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से मुलाकात करते हुए अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया था। जेई राजीव सोनकर मूल रूप से गोरखपुर जनपद के निवासी हैं। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अवर अभियंता निर्माण राजीव सोनकर को कार्य विभाजन करते हुए अब उनको शहर के 55 में से 25 वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है। वो शहर के वार्ड 01 से 4, 8, 9, 12, 15, 17, 18, 21, 23, 27, 29, 30, 32, 38, 51, 52 और 55 में निर्माण विभाग के कामकाज देखेंगे। वहीं शेष सभी 30 वार्ड का दायित्व अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार पर रहेगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि निर्माण विभाग में एक अन्य जेई के आ जाने के बाद विभागीय स्तर पर कामकाज की रफ्तार बढ़ेगी और कार्यों को समय से सुचारू बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

# यूपी में अब दलितों की बरात भी नहीं रही सुरक्षित: चन्द्रशेखर

**बिजनौर, 02 मार्च (एजेंसी)।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों की बरात अब सुरक्षित नहीं रही है। एक समाज विशेष द्वारा जानबूझकर दलितों के मान सम्मान पर हमला बोला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है।

नगीना सांसद ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से वार्ता कर निदान कराने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार दलितों पर अत्याचार पर चुप्पी साधे बैठी है। मथुरा में दो बेटियों के अपमान पर योगी सरकार मात्र एक लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा करती है। पिछले कुछ दिनों में जितनी भी घटनाएं हुई हैं। उनसे वह बहुत दुखी हैं। भारत का संविधान हर व्यक्ति को आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। आज दलित, पीड़ितों को ही पीटा जा रहा है। न्याय के लिए कोई आवाज उठाता है तो उसकी आवाज बंद करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि चार मार्च को उड़ीसा के भुवनेश्वर और नौ मार्च को बिहार में रैली है। छह मार्च को पार्लियामेंट कमेटी की बैठक है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन सहित लोकसभा क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे।

NEW WELKIN PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE 10+2
Bhopa Road, Jat Mujheda,
Muzaffarnagar
REQUIRES FACULTY
TRAINED, EXPERIENCED, DEDICATED
& FLUENT IN ENGLISH
PGT- ENGLISH, CHEMISTRY, PHYSICS,
PAINTING, ECONOMICS (PG, B.Ed)
TGT- ENGLISH, MATHS, SOCIAL SCIENCE,
SANSKRIT, COMPUTER SCIENCE (PG, B. Ed)
PRT- ENGLISH, SOCIAL SCIENCE, HINDI,
COMPUTER SCIENCE (PG, B.Ed)
PTI- LADY (MPED/BPED)
NURSERY, LKG- MOTHER TEACHER (NTT)
MUSIC TEACHER- LADY (INSTRUMENTAL & VOCAL)
DRIVERS-MINIMUM 5 YEARS EXPERIENCE
(SALARY NEGOTIABLE)
APPLY LATEST BY 10/03/2025 AND ATTEND
WRITTEN TEST/INTERVIEW ON 16/03/2025 (SUNDAY)
AT 10:00 AM, VENUE:- SCHOOL CAMPUS.
Contact: 9:00AM to 1:00PM
MOBILE-9639012902, 9012000042, 9520680600
Email:-nwps2006@gmail.com

# दिल्ली पुलिस के एएसआई ने खुद को मार ली गोली, मौत

**नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली के द्वारका जिला के बाबा हरिदास नगर एरिया में दिल्ली पुलिस के एक एएसआई ने शनिवार देर रात खुद को गोली मारकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त भगतराम (55) के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरूआती जांच के बाद पता चला कि बीमारी से परेशान होकर भगतराम ने यह कदम उठाया। पुलिस को भगतराम के घर से वारदात में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है। उसके कब्जे में लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद भगतराम का शव परिवार के हवाले कर दिया है। भगतराम के छोटे भाई यशपाल दिल्ली पुलिस में एएसआई हैं जबकि सबसे छोटे भाई अनिल कुमार हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 12.10 बजे उनकी टीम को सूचना मिली कि दिल्ली के एएसआई ने खुद को गोली मार दी है।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 5543 दिनांक 20.05.2019 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम अक्षिता मित्तल अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**रजत मित्तल**
10, द्वारकापुरी, दिल्ली रोड, सहारनपुर
मो. 7017435723

# शोभायात्रा के साथ में हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही हो जाता है मानव के पूर्वजों का उद्धार: महराज श्री



**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** नगर के लक्ष्मण बिहार में रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान कथा से पूर्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर बैंड बाजे की धुनों पर नृत्य करते हुए गलियों से भ्रमण करते हुए बड़ी संख्या में लोग कथा स्थल पर पहुंचे। कथा स्थल पर कलश स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

व्यासपीठ से कथा व्यास पं. गंगोत्री तिवारी मृदुल जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे पूर्व जन्मों के पुण्य जब उदित होते हैं, तब हमें भगवत कथा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। जिसके कुल खानदान में अगर एक बार श्रीमद्भागवत का आयोजन हो जाता है तो उसके सात जन्मों के पूर्वजों का उद्धार हो जाता है। व्यास जी ने गोकर्ण धुंधकारी के प्रसंग को श्रवण कराते हुए कहा कि धुंधकारी उच्च कुल में जन्म लेकर जब नीच कर्म किया तो उसे प्रेत योनि प्राप्त हुई। ऐसे में गोकर्ण महाराज ने उसे भागवत कथा श्रवण कराकर प्रेतत्व योनि से मुक्ति दिलाई। इस अवसर पर संजय वर्मा व आलोक वशिष्ठ ने सपत्नीक मुख्य यजमान की भूमिका निभाते हुए भागवत जी व व्यास जी का पूजन कराया। इस दौरान मुख्य रूप से एनके तनेजा, सत्यप्रकाश गोयल, गायत्री वर्मा, गीता वर्मा, पूजा मलिक, मुनेश मलिक, अर्जुन तिवारी, दया शंकर तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# इस्लामिया प्रकरण: संयुक्त हिन्दू मोर्चा की बैठक में प्रशासन की कार्यवाही पर जताया गया संतोष

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** रविवार को संयुक्त हिंदू मोर्चा के तत्वावधान में पुरानी तहसील मार्किट स्थित कार्यालय पर हिंदू व सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन की अब तक शुरू किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि जल्दी ही इस बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा।



रविवार को पुरानी तहसील मार्किट स्थित शिवसेना के संपर्क कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सदस्य राधेश्याम विश्वकर्मा व संचालन हिंदू क्रांति दल के कशिश गोयल ने किया। बैठक में इस्लामिया इंटर कॉलेज प्रकरण की अब तक प्रशासन द्वारा की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से आशा व्यक्त की कि बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने पर क्षेत्र की इस संवेदनशील समस्या का समाधान हो जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, बागेश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, राजेश कश्यप मंडल महासचिव, कमलदीप हिंदू जागरण मंच, हरीश पालीवाल जिलाध्यक्ष, हिंदू महासंघ अनुराग सिंगल, एंटी करप्शन से राजीव गोस्वामी, सरदार सिंह गुरुद्वारा कमेटी, हरेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष हिंदू क्रांति सेना, चेतन देव विश्वकर्मा अध्यक्ष श्रीमद्भागवत मंच, संजय गोयल मंडल उपाध्यक्ष क्रांति सेना, जितेंद्र गोस्वामी, आशीष शर्मा नगर अध्यक्ष, मोनू खटीक, राहुल गोगालिया आदि उपस्थित रहे।

# चार मंजिला इमारत में आग से एलपीजी सिलेंडर फटा, महिला की मौत

**नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)।** नबी करीम के मोतिया खान इलाके में रविवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दी गई। खबर मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। बचाव का काम अभी शुरू ही किया जा रहा था कि तीसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर फट गया। हादसे में दो दमकल कर्मी झुलस गए। एसटीओ रविंदर सिंह और फायर ऑफिसर वेद को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी हैं। आग पर काबू पाने के बाद बचाव दल को चौथी मंजिल से 100 फीसदी जला हुआ एक महिला का शव बरामद हुआ। शव को मोर्चरी भेज दिया गया। मृतका की शिनाख्त हेमलता (40) के रूप में हुई है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार दोपहर 3.01 बजे उनकी टीम को खबर मिली कि मोतिया खान मकान नंबर-10554 में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां को यहां भेजा गया। करीब 25 गज की चार मंजिला इमारत में आग लगी थी। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान थी, जबकि पहली मंजिल पर एक दफ्तर बना हुआ था। दूसरी मंजिल पर हरिदर्शन और उनका परिवार रहता है। मकान की चौथी मंजिल पर हरिदर्शन की मां विमला और बहन हेमलता रहती थी। तीसरी मंजिल पर समान के अलावा इन लोगों ने रसोई बनाई हुई है। रविवार को छुट्टी होने की वजह से ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर ताला लगा था। हरिदर्शन परिवार के साथ किसी रिश्तेदारी में गए थे। इनकी मां विमला देवी सत्संग में गई थी।

रस्म तेरहवीं



मान्यवर,
बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री प्रदीप कुमार अरोरा जी का स्वर्गवास दिनाँक
20 फरवरी 2025, दिन बृहस्पतिवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा 4 मार्च 2025,
दिन-मंगलवार को होनी निश्चित हुई है।
शोक सभा............... दोपहर 02:00 से 03:00 बजे
स्थान:- गाँधी वाटिका, गाँधी कॉलोनी, मुज़फ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
नरेश अरोरा, सुभाष अरोरा (भाई)
उमेश अरोरा, चैतन्य अरोरा (पुत्र)
मोहित अरोरा, संजय अरोरा, गगन अरोरा (भतीजे)
एवं समस्त अरोरा परिवार
प्रतिष्ठान :- N.P. Textile
निवास स्थान:- मकान नं.595,
गाँधी कॉलोनी गली नं. 13, मुजफ्फरनगर
मो0- 9760049411, 9997388600

## मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया, कहा-जीते जी मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं



**नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने रविवार को पदाधिकारियों की बैठक में बड़ा फैसला लिया है। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके साथ ही मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। बसपा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इतना ही नहीं, मायावती ने राज्यसभा सांसद रामजी गौतम की जिम्मेदारी बढ़ाई और अब वह भी अब नेशनल कोऑर्डिनेटर होंगे। बता दें कि मायावती ने पिछले दिनों आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित किया था। मायावती ने कहा है कि अशोक सिद्धार्थ ने आकाश आनंद का राजनीतिक करियर बर्बाद किया।अशोक सिद्धार्थ को निकालना पड़ा। आकाश आनंद पर उनकी पत्नी का प्रभाव था, जो पार्टी हित में नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे जीते जी मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अशोक सिद्धार्थ ने आकाश का राजनीतिक करियर बर्बाद कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद से ही बसपा में गुटबाजी की बात सामने आ रही थी। जिसके बाद मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को हटाया था और आकाश के उत्तराधिकार को लेकर भी प्रश्न खड़े किए थे। तब से ही आकाश को उत्तराधिकारी पद से हटाने की कयास लग रहे थे। रविवार को राज्य मुख्यालय पर देश भर के पदाधिकारियों संग बैठक में मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ ने उप्र सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर कमजोर करने का प्रयास किया था, इसलिए उनको बाहर निकाला गया। आकाश की शादी अशोक सिद्धार्थ की बेटी से हुई है। आकाश पर उनकी पत्नी का प्रभाव था, जो पार्टी के लिए सकारात्मक नहीं है। ऐसे में कांशीराम जी के बताए रास्ते पर चलते हुए पार्टी के हित में उनको पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। यह दूसरी बार है, जब आकाश से उत्तराधिकार वापस लिया गया है। मायावती ने 10 दिसंबर 2023 को आकाश को उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके बाद सात मई 2024 को उनको अपरिपक्व बताते हुए इस पद से हटा दिया गया था। इसके बाद 23 जून 2024 को मायावती ने उनको फिर से उत्तराधिकारी और राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। मायावती ने कहा कि अब बदले हुए हालात में दो राष्ट्रीय समन्वयक बना दिए गए हैं। इनमें आनंद कुमार दिल्ली में रहकर पार्टी का कार्य देखने के साथ पूरे देश के पदाधिकारियों से संपर्क बनाकर रखेंगे, जबकि रामजी गौतम हर राज्य में जाकर पार्टी की प्रगति देखेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने यह फैसला लिया है कि मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। मेरे लिए पार्टी व मूवमेंट पहले है, भाई-बहन व उनके बच्चे आदि बाद में। इसलिए अब कोई मेरा उत्तराधिकारी नहीं होगा। मैं जब तक जिंदा रहूंगी, पार्टी को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करती रहूंगी।

# रमजान माह में ड्राई फूट, सेवई-खजला से सज गए बाजार

### - फल-सब्जी पर मंहगाई की मार, लोगों में दिखी बैचेनी - पेय पदार्थों के साथ खजूर बना रोजदारों की पहली पसंद





**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** रमजान के पाक माह की शुरूआत 02 फरवरी से हो चुकी है। इस्लाम धर्म में बेहद खास महीनों में शुमार इस महीने में रोजा रखते हुए सभी रोजेदार सूर्योदय से सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं और इफ्तार के समय रोजा खोलते हैं। प्रायः इफ्तार की शुरूआत अक्सर खजूर से की जाती है, जो परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, अपितु इसके पीछे कई स्वास्थ्य से जुड़े कारण भी हैं। रोजे के दौरान शरीर लंबे समय तक बिना खाने-पानी के रहता है, जिससे इनके शरीर में ग्लूकोज की मात्रा कम हो जाती है। ऐसे में सुरक्षा व स्वास्थ्य कारणों को लेकर मुख्य बाजारों से गली-मौहल्ले में दुकानों में जम कर खरीदारी होती रही। हालांकि इस बीच मुख्य बाजारों में फलों के साथ खाद्य सामग्री पर मंहगाई की मार का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। रमजान माह में वैसे तो बीते कई दिनों से हर घर परिवार में खाद्य सामग्री को खरीदने का क्रम जारी था, लेकिन शनिवार को रमजान के चांद के दीदार के साथ खाद्य सामग्री खरीदने को लेकर सक्रियता बढ़ गई। इन दिनों गली मौहल्लों के साथ मुख्य बाजारों में खजूद के साथ फल और सब्जी ही नहीं अन्य पेय पदार्शों व रोजे में प्रयुक्त होने वाली सेवई-खजला आदि की खरीदारी को लेकर हर ओर बाजार सजे हुए है। बाजारों में सादी सेवई 60 रुपये, छत्ते वाली सेवई 100-120 रुपये, कमामी सेवई 100-120 रुपये, बनारसी सेवई 140 व 160 रुपये, भुनी सेवई 140 रुपये, लाल लच्छा 150-200 रुपये, सफेद लच्छा 100-150 रुपये, बनारसी लच्छा 160 रुपये, सूत फेनी 200 रुपये, रुमाली 130 रुपये, दूध फेनी 170 रुपये तक बाजारों में बिक रही है। वहीं बाजारों में इस वक्त खजूर की 15 से अधिक वैरायटी दिखाई देने लगी है। खजूर नेचुरल शुगर का एक बेहतरीन सोर्स है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर में ब्लड शुगर लेवल को बैलेंस करने में मदद कर, थकान को दूर करता है। इसके अलावा, खजूर में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और भूख को कंट्रोल करता है, जिससे इफ्तार के समय खाना खाने से बचा जा सकता है। बाजारों में सऊदी अरब के अजवा खजूर की मांग रमजान में अधिक होती है। यह खजूर 200 से 1500 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। इसके अलावा बहाई वाला खजूर 120 रुपये किलो, इराकी खजूर 100 रुपये किलो, आलू खजूर 120 रुपये, अरबी खजूर 150 रुपये, बिना गुठली वाला खजूर 160 रुपये, फर्द खजूर 350 रुपये, कीमिया खजूर 300 रुपये, बरारी खजूर 500 रुपये, कलगी एवं सुगाई खजूर 800 रुपए, अजना खजूर 1500 रुपए, मेटजोल खजूर 1600 रुपए और मबरूम खजूर 1600 रुपये तक बिक रहा है। वहीं किशमिश और बादाम के अलावा काजू, अंजीर और पिस्ता जैसे सूखे मेवों की मांग भी बढ़ी हुई है। रमजान के दौरान सहरी और इफ्तार में पोषक तत्वों से भरपूर चीजें खाने का रिवाज है, जिससे इन चीजों की बिक्री बढ़ने के साथ पेय पदार्थों के रूप में रूह अफजा, शरबत-ए-अलसी एवं फलों के रस लोगों की पसंद होते हैं।

## एसडीएम ने रोड पर उतरकर अतिक्रमण हटवाया

### - अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों में मचा हड़कंप



**बुढ़ाना, 02 मार्च (बु.)।** रविवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती ने खुद पैदल सड़कों पर उतरकर नायब तहसीलदार अमन सिंह के साथ भारी पुलिस बल लेकर अतिक्रमण हटवाया और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दे डाली, जिसको लेकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया। यह अतिक्रमण कांधला रोड कस्साबान पुलिया के इर्द-गिर्द हटाया गया। एसडीएम ने यहां पर जब जाम देखा, तो रोड पर खड़ी ई-रिक्शा संचालकों को जमकर हड़काया और सड़क के किनारे रखे दुकानदारों के सामान को जब्त करने की चेतावनी देते हुए बाज आने की चेतावनी दी। बताया जाता है कि कस्बे के कांधला रोड की हालत जाम के मामले में बहुत ही खस्ता है। यहां के दोनों साइड के अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों के अंदर रखा हुआ सामान बाहर सड़क के किनारे रख देते हैं, जिसके चलते रास्ता और भी संकरा हो जाता है। रही सही कसर इन दुकानों पर सामान खरीदने वाले ग्राहक अपने वाहनों को खड़ा करके कर देते हैं। यहीं नहीं ई-रिक्शा चालक भी इन्हीं के आगे अपने ई-रिक्शा खड़े कर सवारी भरते हुए जाम में इजाफा कर देते हैं। फिर ओवरलोडिंग गन्ना वाहन पूरे कस्बे को जाम की चपेट में लाकर बड़ी समस्या पैदा कर देते हैं। इन शिकायतों का संज्ञान लेकर बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती ने नायब तहसीलदार अमन सिंह को साथ लेकर अतिक्रमण हटवाया और दुकानदारों को हिदायत दी कि वे आईंदा बाहर सामान नहीं रखेंगे।

## आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही न होने से पलायन की दी चेतावनी

**खतौली, 02 मार्च (बु.)।** दबंगों से पीड़ित ग्राम चन्दसीना के परिवार ने शिकायत के पश्चात भी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही न होने से खिन्न होकर गांव से पलायन करने की चेतावनी दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव चन्दसीना निवासी अमित सैनी ने पुलिस प्रशासन से अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए उल्लेख किया है कि गांव की एक जमीन पर उसका विवाद चल रहा है, ज्सि पर माननीय न्यायालय द्वारा स्टे किया गया है, परन्तु इसके पश्चात भी गांव के ही शिव कुमार, श्याम, राम अवतार, विजेन्द्र पुत्रगण रामपाल सहित भोन्रा, राधे, किरण, राकेश, दीपक आदि द्वारा उसकी उक्त भूमि की फसल को नष्ट करने व खेत में लगे पेड़े काटने का प्रयास किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके द्वारा विरोध किये जाने पर विपक्षी लोगों द्वारा एकजुट होकर उसके परिजनों पर लाठी-डंडों से प्राणघातक हमला बोल दिया तथा परिवार की महिलाओं से अभद्रता की गयी। हमले में पीड़ित का भाई रवि भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दरांती के प्रहार से उसके परिवार की अनिका लहुलूहान हो गयी। पीड़ित अमित का कहना है कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मात्र उसके घायल भाई रवि का तो मैडिकल कराया गया, लेकिन घायल अनिका, नीलम व चन्दा का मैडिकल नहीं कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस आरोपी हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रति पूर्ण रूप से उदासीन बनी हुई है। पीड़ित अमित सैनी ने न्याय न मिलने पर परिवार सहित गांव से पलायन करने की चेतावनी दी है।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराया ट्रक, 3 घायल



**बुढ़ाना, 02 मार्च (बु.)।** शामली जनपद के झिंझाना का रहने वाला कासिम, मजदूर आशू व मोहसीन के साथ हरियाणा के करनाल से भूसा लेकर बुढ़ाना जा रहा था। मेरठ-करनाल हाइवे पर फुगाना फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरते समय पीछे से आए ट्रक ने भूसा भरी ट्राली में टक्कर मार दी। इस घटना में ट्राली पलटने से भूसा बिखर गया। ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराकर टूट गया। ट्रैक्कर का चालक कासिम व मजदूर आशू व मोहसीन ट्रैक्टर से नीचे गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस ने घायलों के परिजनों को दी। पुलिस ने बताया कि तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।



## चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने दुकान में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। चोरों से चोरी का सामान व एक बाइक बरामद की गयी। आपको बता दें कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट में चोरों ने एक दुकान के ताले तोंड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उक्त मामले में रविवार को पुलिस ने नया बांस शहर कोतवाली के रहने वाले अमित व रामलीला टिल्ला के रहने वाले नितिन को गिरफ्तार कर लिया। उक्त दोनों को थाना सिविल लाइन के माल रोड से गिरफ्तार किया गया है। चोरों से उनकी निशानदेही पर 15 सिगरेट के डब्बे, बाइक व नकदी बरामद की गयी। दोनों चोरों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया गया।

# जन्म-मृत्यु में फर्जी साइन से बखेड़ा, चीफ ने किए हाथ खड़े

### - एक वर्ष से पुराने प्रकरणों में बनाई थी ईओ ने कमेटी - ईओ ने प्रकरण में मांगी रिपोर्ट, लिपिक से की गई पूछताछ

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** नगरपालिका परिषद् के जन्म-मृत्यु पटल पर जांच रिपोर्ट फर्जी तैयार कर अधिकारियों की आंखों में धूल झौंकने का काम थमने का नाम नहीं ले रहा। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से एक जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन को पुनः परीक्षण के लिए वापस भेज दिया। इसमें ईओ द्वारा गठित समिति सदस्य के जांच रिपोर्ट पर फर्जी हस्ताक्षर किये गये थे। मामले में शिकायत मिलने पर ईओ ने जहां रिपोर्ट तलब करते हुए संबंधित लिपिक से पूछताछ की, वहीं सीएसआई ने जांच रिपोर्ट कमेटी से खुद को हटाने का आग्रह करते हुए रिपोर्ट की तस्दीक करने से इंकार कर दिया। नगरपालिका परिषद् स्वास्थ्य विभाग के जन्म-मृत्यु पटल पर फर्जीवाड़े का खेल बेखौफ होकर खेला जा रहा है। इसमें कई बार विवाद सामने आये, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से फर्जीवाड़े में शामिल कर्मचारियों के हौंसले बढ़ने लगे हैं। ताजा प्रकरण में जन्म प्रमाण पत्र के लिए किए एक आवेदन पर लगाई गई रिपोर्ट की तस्दीक के लिए जांच कमेटी के एक सदस्य के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए, जिसका खुलासा होने पर पालिका में हलचल है। बताया गया कि एक साल से पूर्व जन्म- मृत्यु प्रकरणों में शासन द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार शपथ पत्र के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन करने के बाद पालिका प्रशासन द्वारा जांच कराई जाती है, इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा आवेदन को स्वीकार-अस्वीकार किया जाता है। इसमें पूर्व में नगर स्वास्थ्य अधिकारी व दूसरे अधिकारी ही जांच रिपोर्ट भेजते रहे हैं, लेकिन पूर्व में हुए एक प्रकरण के बाद नगर मजिस्ट्रेट ने ईओ के स्तर से ही जांच रिपोर्ट प्रेषित करने की व्यवस्था कराई थी। इसमें ईओ ने आवेदनों की जांच के लिए सीएसआई योगेश कुमार व एसआई प्लाक्षा मैनवाल की दो सदस्यीय समिति बना दी थी। संबंधित लिपिक के बाद जांच कमेटी की तस्दीक हो जाने पर ईओ द्वारा अपने हस्ताक्षर से आवेदन जांच रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसमें जांच रिपोर्ट पर सीएआई योगेश कुमार के फर्जी हस्ताक्षर कर रिपोर्ट भेजने का भंड़ाफोड़ हुआ है। अक्टूबर माह में एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन किया।

इसमें जांच के बाद रिपोर्ट अग्रसारित कर दी। अब तीन दिन पूर्व यह आवेदन कुछ भूल सुधार के लिए पालिका को वापस करते हुए दोबारा रिपोर्ट मांगी गई, तो पता चला कि जांच रिपोर्ट में सीएसआई योगेश कुमार के फर्जी हस्ताक्षर किये गये थे। यह देखकर सीएआई ने पत्रावली ईओ के समक्ष पेश कर शिकायत की, तो बखेड़ा खड़ा हो गया। सीएसआई का दावा है कि जांच रिपोर्ट पर उनके फर्जी हस्ताक्षर हैं, ऐसे में न जाने कितनी रिपोर्ट पर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर दिये हैं। उन्होंने ईओ से इसकी जांच कराने का आग्रह किया और ऐसी स्थिति में जांच रिपोर्ट का सत्यापन करने से इंकार कर दिया है। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप का कहना है कि जन्म-मृत्यु से सम्बंधित एक साल पुराने प्रकरणों के आवेदनों की जांच की जिम्मेदारी ईओ की तय की गई है और उनके द्वारा अग्रसारित रिपोर्ट के आधार पर हम निर्णय ले रहे हैं। फर्जी साइन वाला प्रकरण संज्ञान में नहीं है, यदि ऐसा है तो हम गंभीरता से कदम उठायेंगे और ईओ से भी रिपोर्ट मांगी जायेगी।

### फर्जी साइन मामले में एक सफाई कर्मचारी संदिग्ध

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** नगरपालिका परिषद् में जन्म-मृत्यु पटल पर शपथ पत्र जन्म प्रमाण पत्र आवेदन की जांच रिपोर्ट पर सीएसआई योगेश कुमार के फर्जी हस्ताक्षर मामले में पालिका में चर्चा का बाजार गर्म है। सुगबुगाहट है कि फर्जी हस्ताक्षर में कार्यालय में कार्यरत एक सफाई कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। बता दें, स्वास्थ्य विभाग में नियमों के विपरीत कुछ सफाई कर्मियों को पालिका कार्यालय में तैनात करने के साथ काम किया जा रहा है। ऐसे ही एक सफाई कर्मी का नाम इस प्रकरण में खूब उछला है। आरोप है कि उसके द्वारा ही आवेदन की जांच रिपोर्ट पर सीएसआई के फर्जी हस्ताक्षर किये गये और पत्रावली को आगे बढ़ा दिया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि इस आवेदन की जांच कराकर जांच कमेटी की संस्तुति प्राप्त करने की जिम्मेदार सम्बंधित पटल लिपिक नितिन की है, किसी सफाई कर्मी की संलिप्तता की उनको जानकारी नहीं है। उन्होंने लिपिक से पूछताछ करने के साथ जवाब मांगा है।

## कार की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल

**सिखेड़ा, 02 मार्च (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव धंधेड़ा के पास बिजलीघर के सामने कार की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया। शमशाद उर्फ मोती पुत्र शरीफ और नूर हसन पुत्र नूर अहमद निवासी जौली थाना भोपा मुजफ्फरनगर में काम करते हैं। शनिवार की देर रात्रि दोनों काम निपटाकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही यह लोग मुजफ्फरनगर से जौली मार्ग के गांव धंधेड़ा में बिजलीघर के सामने पहुंचे, तो सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दि। टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है।

## शराब के ठेके का ताला तोड़कर कर चोरी

**छपार, 02 मार्च (बु.)।** देशी शराब के ठेके का ताला तोड़कर बदमाश हजारों की नगदी व देशी शराब के क्वार्टर चोरी कर ले गए। ठेके मालिक ने पुलिस से शिकायत की है। नई मण्डी थाना क्षेत्र के गांधीनगर निवासी संस्कार पुत्र धमेंद्र ने घटना के सम्बंध में तहरीर दी है, जिसमें उसने बताया कि उसकी सिमर्थी गांव में देशी शराब की दुकान है, देर रात को दो अज्ञात बदमाश दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और पुरी दुकान को खंगाला। बदमाश वहां से आठ हजार की नगदी व भारी संख्या में देशी शराब के क्वार्टर चोरी कर ले गए। पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी है।

**शेष :- ओवर लोड गन्ने से भरा ट्रैक्टर.....**

पहले ट्रैक्टर चालक कुछ समझ पाता, तब तक गन्ने से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉला सड़क पर खड़े एक पेड़ को तोड़ता हुआ, एक दुकान के बाहर खड़े हुए सात वाहनों को क्षतिग्रस्त करता हुआ अंदर घुस गया, जिसमें बुढ़ाना निवासी मिस्त्री राजू, मनव्वर और फुरकान मामूली रुप से चोटिल हो गये, जबकि ईको कार, एक्टिवा स्कूटी, बाइक, दो स्विफ्ट कार, एसेंट कार और बुलेट गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गये, तब गुस्साए हुए दुकानदारों ने भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पकड़ना चाहा, लेकिन चालक भाग जाने में सफल रहा। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी और आते-जाते वाहनों की वजह से जाम लग गया। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित दुकानदारों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर मौके से ट्रेक्टर ट्राले को हटाने का काम शुरु कर दिया था और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गयी थी। बताया जा रहा है कि इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर कुछ ही देर बाद किसी व्यक्ति के द्वारा वायरल कर दिया गया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय बाहर दुकानों पर काम रही लेवर और मिस्त्रियों ने भागकर अपनी जान बचा ली, नहीं तो कोई बड़ा जनहानि भी हो सकती थी।

## सोमनाथ मंदिर पहुंचे पीएम मोदी, महादेव के दर्शन-जलाभिषेक किया



**अहमदाबाद, 02 मार्च (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दूसरे दिन रविवार (02 मार्च, 2025) को पीएम मोदी ने सोमनाथ महादेव के दर्शन किए और जलाभिषेक किया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में मार्कण्डेय पूजा और ध्वज पूजा की। सोमनाथ मंदिर में विद्वानों ने शास्त्रीय मंत्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। मंदिर में सोमनाथ संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सोमनाथ ट्रस्ट इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल का प्रबंधन करता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। पीएम मोदी गुजरात यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार शाम को यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। 3 हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है और दुर्व्यवहार तथा शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य पुनर्वास एवं चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। पीएम मोदी की वंतारा यात्रा के दौरान उनके साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता अंबानी और उनके बेटे अनंत अंबानी और बहू राधिका भी थीं। वंतारा में 200 से अधिक बचाए गए हाथियों को रखा गया है। खबर के मुताबिक, सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे। सिंह सदन लौटने पर प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष के रूप में इसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के बाद पीएम मोदी सासन में कुछ महिला वनकर्मियों से भी बातचीत करेंगे।

## मंत्री नंदी ने त्रिवेणी में 21 से ज्यादा बार लगाई डुबकी



**प्रयागराज, 02 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने महाकुंभ में 21 बार संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रीगण, राज्यपाल, मंत्रीगण व अन्य विशिष्ट अतिथियों का महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्वागत, अभिनंदन व आगवानी की। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता, प्रबंधन, व्यवस्थाओं और सुविधाओं को सराहा। इस बीच संगम में मंत्री नन्दी ने 21 बार से अधिक पुण्य की डुबकी लगाई। सबसे पहले 13 जनवरी पौष पूर्णिमा को पूर्व महापौर के साथ उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उसके बाद 14 जनवरी, 18 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ, 21 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कवि डॉ. कुमार विश्वास के साथ भी पुण्य स्नान किया। 22 जनवरी को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट बैठक में सम्मिलित होने के साथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ उन्होंने संगम स्नान किया। 24 जनवरी को भी केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 27 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर सपरिवार स्नान किया। तीन फरवरी को वसंत पंचमी के मौके पर भी मंत्री ने सपरिवार स्नान किया। चार फरवरी को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ, छह फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सात फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, 12 फरवरी को सपरिवार, 13 को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, 15 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल के साथ स्नान किया।

## हर्ष फायरिंग में दूल्हे सहित बाप पर मुकदमा दर्ज




**चरथावल, 02 मार्च (बु.)।** एक गांव में घुड़चढ़ी पर दुल्हा बैंडबाजों की धुन पर ऐसा मस्त हुआ कि उसने पिता का पिस्तौल लेकर फायरिंग करनी शुरू कर दी। दनादन हवा में कई फायर किए। छह दिन बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बाप-बेटे पर मुकदमा कायम कर दिया। वीडियो खुसरोपुर का बताया जा रहा है। एक परिवार में दुल्हे की शादी के लिए चढ़त चल रही थी। सज-धज कर दुल्हा घोड़ी पर सवार था। समारोह में मेहमान और परिजन गानों पर झूम रहें थे। दुल्हा भी मस्ती में आ गया। उसने कानून को भूल गया कि यह हरकत उसके गले की फांस बन सकती है। यहीं हुआ, किसी ने फायरिंग का वीड़ियो वायरल कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल की। हर्ष फायरिंग करने वाले दुल्हे की तलाश की गई। थाना प्रभारी ने बताया आरोपी दुल्हा खुसरोपुर का अपूर्व त्यागी है। उसके पिता आदित्य के नाम शस्त्र लाइसेंस है। दोनों के खिलाफ हिंडन चौकी प्रभारी की तरफ से आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खेत में रखे ट्रांसफार्मर से तेल व सामान चोरी

**जानसठ, 02 मार्च (बु.)।** खेत में रखे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर तेल व उसका सामान चोरी कर ले गए। अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी। शनिवार को अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र ग्रामीण संजय कुमार ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के गांव सलारपुर के जंगल में मोहर्रम अली पुत्र शाहबाज अली के नलकूप पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बृहस्पतिवार व शुक्रवार की रात को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर उसमें से तेल व उसका सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचा, तो उसे वहां पर ट्रांसफार्मर का खोखा पड़ा हुआ मिला, जिससे ट्रांसफार्मर के सामान की चोरी होने की जानकारी हुई। उसने इसकी सूचना अवर अभियंता संजय कुमार को दी। उसने मौके की जांच कर पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

## पूर्व सेबी प्रमुख माधवी बुच पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश, शेयर बाजार में धोखाधड़ी का आरोप



**मुंबई, 02 मार्च (एजेंसी)।** मुंबई की एसीबी अदालत ने पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और 5 अन्य के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरी (एसीबी) वर्ली को आदेश दिया कि वह माधबी पुरी बुच, ऑल टाइम मेंबर्स अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण, कमलेश चंद्र वर्श्नेय, इराए के उएड सुंदररमन राममूर्ति और पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल के खिलाफ ऋक्ष दर्ज करें। विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश, शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने पारित आदेश में कहा, " इन व्यक्तियों के खिलाफ नियमों में चूक और मिलीभगत के प्रथम दृष्ट्या सबूत मिले हैं, इसलिए इसमें एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।" अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी, और 30 दिनों के भीतर मामले की स्थिति रिपोर्ट मांगी। अदालत के आदेश में यह भी जिक्र किया गया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह संज्ञानीय अपराध की प्रकृति के हैं, जिसके लिए जांच की दरकार है। कोर्ट ने कहा, "कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।" इस केस के शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कथित जांच की मांग की थी। शिकायतकर्ता एक मीडिया रिपोर्टर हैं और उन्होंने कहा है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल हैं। आरोप में कहा गया है कि एक कंपनी को 1992 के सेबी अधिनियम और उसके तहत नियमों और विनियमों के अनुपालन के बिना स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग की गई थी। आरोप में कहा गया है कि इस लिस्टिंग में नियामक एजेंसियां, खास तौर से सेबी की सक्रिय मिलीभगत रही है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारियों अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में नाकामयाब रहे हैं।

## मारपीट कर घायल करने का आरोप मुकदमा दर्ज

**जानसठ, 02 मार्च (बु.)।** अब्दुल वाहिद ने थाने में तहरीर दी और उसने तहरीर देकर बताया कि उसके साल की लड़की की शादी थाना क्षेत्र के गांव मकसूदाबाद में हुई है। उसके साथ मारपीट की सूचना पर जब वह अपने पुत्र के साथ वहां पहुंचा, तो उन्होंने दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव अखलाक पुरा निवासी अब्दुल वाहिद पुत्र यूनुस ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि उसके साले अफसर की लड़की नाजमा की शादी थाना क्षेत्र के गांव मकसूदाबाद निवासी परवेज पुत्र आलमगीर के साथ हुई है। उसने बताया कि नाजमा ने मुझे फोन कर बताया कि मेरा पति परवेज मेरे साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहा है। सूचना पर मैं और मेरा लड़का शोएब गांव मकसूदाबाद परवेज के घर पहुंचे। उनसे नजमा के साथ मारपीट का कारण पूछा, तो परवेज और उसके भाई सवाब व जाबिर ने पिता पुत्र के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी, जिसमें अब्दुल वाहिद और शोएब घायल हो गए। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया, वरुण चक्रवर्ती ने किया कमाल




**दुबई, 02 मार्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। श्रेयस अय्यर की बेहतरीन बैटिंग के बाद भारतीय गेंदबाजों ने कीवी टीम के बल्लेबाजों की जमकर खबर ली। इस मुकाबले में वरुण चक्रवर्ती के सामने कीवी बल्लेबाजों ने घुटने टेंक दिए। एक वक्त में मुकाबला जीतती दिख रही कीवी टीम, भारतीय गेंदबाजों की शानदार प्रदर्शन की वजह से मुकाबला हार गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 205 रन पर ढेर हो गई। भारतीय टीम ने ये मुकाबला 44 रनों से अपने नाम कर लिया है। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट अपने नाम किया। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके। यह किसी भारतीय गेंदबाज का चैंपियंस ट्रॉफी के डेब्यू मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे। वरुण ने इस मामले में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2005 में बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में ही 53 रन देकर पांच विकेट लिए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड के नाम है जिन्होंने 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 52 रन देकर छह विकेट लिए थे। वहीं, इस टूनार्मेंट में किसी भारतीय गेंदबाज का यह दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज का रिकॉर्ड रवींद्र जडेजा के नाम है जिन्होंने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर पांच विकेट लिए थे।

## मणिपुर में पांच जिलों में लोगों ने जमा कराए 42 हथियार और कारतूस

**इंफाल, 02 मार्च (एजेंसी)।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील रंग ला रही है। लोग लगातार अपने हथियार और कारतूस जमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं। शनिवार को इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, चूराचांदपुर, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग के लोगों ने 42 हथियार और कारतूस जमा कराए। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर में दो पिस्टल, छह ग्रेनेड, 75 से अधिक कारतूस समेत पांच हथियार जमा करवाए गए। बताया जाता है कि अब तक 300 हथियार जमा कराए जा चुके हैं। वहीं तामेंगलोंग जिले के कैमाई पुलिस स्टेशन में सत्रह बंदूकें, नौ पोम्पी और कारतूस जमा किए गए। जबकि थिंगंगपोकपी, पोरोमपट, चूराचांदपुर और लामसांग में 10 हथियार और कारतूस जमा कराए गए। वहीं इंफाल पश्चिम के सैरेमखुल में सुरक्षा बलों ने 20 राउंड गोला बारूद से भरी मैगजीन के साथ इंसास राइफल, एके-56 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, एसएमजी 9 एमएम कार्बाइन, एक डीबीबीएल बंदूक, चार ग्रेनेड, एक चीनी हथगोला और अन्य सामान जब्त किया। कांगपोकपी में सुरक्षा बलों ने दो अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा वाकन पहाड़ी पर तीन अन्य अवैध बंकरों को ध्वस्त किया गया। राज्यपाल ने 20 फरवरी को मैतेई और कुकी समुदाय से सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियार तथा अवैध हथियार सात दिनों के भीतर स्वेच्छा से सौंपने की अपील की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि ऐसा करने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।